# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2024

# सामान्य अध्ययन

## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

## (विश्लेषण सहित व्याख्या)

(परीक्षा तिथि : 23 जून, 2024)

**1. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement–I: There is instability and worsening security situation in the Sahel region.**
**कथन–I: साहेल क्षेत्र में अस्थिरता और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति विद्यमान है।**

**Statement–II: There have been military takeovers/coups d'etat in several countries of the Sahel region in the recent past.**
**कथन–II: हाल ही में साहेल क्षेत्र के कई देशों में सैन्य कब्जा/तख्तापलट हुआ है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(a):** साहेल, अफ्रीका का विशाल अर्द्ध शुष्क क्षेत्र है, जो उत्तर में सहारा रेगिस्तान और दक्षिण में उष्ण कटिबंधीय सवाना के बीच स्थित है। साहेल क्षेत्र में 10 देश बुर्किनाफासो, कैमरून, चाड, गाम्बिया, गिनी, मॉरिटानिया, माली, नाइजर, नाइजीरिया और सेनेगल आते हैं। साहेल क्षेत्र में वर्ष 2020 के बाद तीन देशों में सैनिक तख्तापलट हुआ। इसकी शुरुआत तीन साल पहले माली में हुई थी। साहेल क्षेत्र में अतिवाद, हिंसा और अवैध शासन से अशांति बनी हुई है। अतः कथन (1) और (2) दोनों सही हैं तथा कथन (2), कथन (1) की व्याख्या करता है।

**2. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: India does not import apples from the United States of America.**
**कथन-I: भारत संयुक्त राज्य अमेरिका से सेब आयात नहीं करता है।**

**Statement-II: In India, the law prohibits the import of Genetically Modified food without the approval of the competent authority.**
**कथन-II: भारत में, विधि के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना आनुवंशिक रूप से रूपांतरित खाद्य (फूड) के आयात पर प्रतिषेध है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II in correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(d):** भारत संयुक्त राज्य अमेरिका से सेब आयात करता है। भारत द्वारा अमेरिकी सेब पर प्रतिशोधी आयात शुल्क हटाने के पश्चात् विगत तीन महीनों में अमेरिकी सेबों का आयात 40 गुना बढ़ गया है वहीं भारत द्वारा सेब का कुल आयात 2022-23 में घटकर 3.74 लाख टन रह गया अतः कथन-I सही नहीं है।
भारत में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006, FSSAI की मूंजरी के बिना आनुवंशिक रूप से रूपांतरित खाद्य (जीएम खाद्य) के आयात, निर्माण, उपयोग या बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है। देश ने केवल एक कपास पर गैर खाद्य फसल की खेती और आयात की अनुमति दी है अत; कथन-II सही है।

**3. With reference to the Speaker of the Lok Sabha, consider the following statements:**
**लोक सभा के अध्यक्ष के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**While any resolution for the removal of the Speaker of the Lok Sabha is under consideration.**
**जब लोक सभा के अध्यक्ष को हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है, तब–**



Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

1. **He/She shall not preside.**
   **वह पीठासीन नहीं होगा/होगी।**
2. **He/She shall not have the right to speak.**
   **उसे बोलने का अधिकार नहीं होगा।**
3. **He/She shall not be entitled to vote on the resolution in the first instance.**
   **वह संकल्प पर प्रथमतः मत देने का/की हकदार नहीं होगा/होगी।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(a):** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 96 के अनुसार लोकसभा की किसी बैठक में, जब अध्यक्ष को उसके पद से हटाने का संकल्प विचाराधीन है तब अध्यक्ष या जब उपाध्यक्ष को उसके पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है तब उपाध्यक्ष उपस्थित रहने पर भी पीठासीन नही होगा। अतः कथन 1 सही है।
अनुच्छेद 96(2) के अनुसार जब अध्यक्ष को उसके पद से हटाने का कोई संकल्प लोकसभा में विचाराधीन है तब उसको लोकसभा में बोलने और उसकी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होगा और वह अनुच्छेद 100 में किसी बात के होते हुए भी ऐसे संकल्प पर या ऐसी कार्यवाहियों के दौरान किसी अन्य विषय पर प्रथमतः ही मत देने का हकदार होगा, किन्तु मत बराबर होने की दशा में मत देने का हकदार नहीं होगा। अतः कथन 2 और 3 गलत है।

**4. With reference to the Indian Parliament, consider the following statements:**
**भारतीय संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **A bill pending in the Lok Sabha lapses on its dissolution.**
   **लोक सभा में लंबित कोई विधेयक उसके विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है।**
2. **A bill passed by the Lok Sabha and pending in the Rajya Sabha lapses on the dissolution of the Lok Sabha.**
   **लोक सभा द्वारा पारित और राज्य सभा में लंबित कोई विधेयक लोक सभा के विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है।**
3. **A bill regard to which the President of India notified his/her intention to summon the Houses to a joint sitting lapses on the dissolution of the Lok Sabha.**
   **कोई विधेयक, जिसके संबंध में भारत के राष्ट्रपति ने सदनों की संयुक्त बैठक आहूत करने के अपने आशय की सूचना दे दी है, लोक सभा का विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1 (b) 1 and 2/1 और 2
(c) 2 and 3/2 और 3 (d) 3 only/केवल 3

**Ans.(b):** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 107 के अनुसार यदि कोई विधेयक लोकसभा में लंबित है सदन के विघटन हो जाने पर वह विधेयक निरस्त माना जाता है। अतः कथन 1 सही है।
अनुच्छेद 107 (5) के अनुसार लोकसभा द्वारा पारित और राज्य सभा में लंबित कोई विधेयक लोक सभा के विघटन हो जाने पर निरस्त हो जाता है। अतः कथन 2 सही है।
अनुच्छेद 108(5) के अनुसार सदनों की संयुक्त बैठक में अधिवेशित होने के लिए आहूत करने के अपने आशय की राष्ट्रपति की सूचना के पश्चात् लोकसभा का विघटन बीच में हो जाने पर भी, इस अनुच्छेद के अधीन संयुक्त बैठक हो सकेगी और उसमें विधेयक पारित हो सकेगा। अतः कथन 3 सही नहीं है।

**5. With reference to the Parliament of India, consider the following statements:**
**भारत के संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **Prorogation of a House by the President of India does not require the advice of the Council of Ministers.**
   **भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसी सदन के सत्रावसान के लिए मंत्रि-परिषद् के परामर्श की आवश्यकता नहीं है।**
2. **Prorogation of a House is generally done after the House is adjourned sine die but there is no bar to the President of India prorogating the House which is in session.**
   **सदन का सत्रावसान सामान्यतः सदन के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के पश्चात् किया जाता है, किंतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा उस सदन का सत्रावसान करने पर कोई वर्जन नहीं है जो सत्र में है।**
3. **Dissolution of the Lok Sabha is done by the President of India who, save in exceptional circumstances, does so on the advice of the Council of Ministers.**
   **लोक सभा का विघटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा, असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, मंत्रि-परिषद् के परामर्श से किया जाता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1 (b) 1 and 2/1 और 2
(c) 2 and 3/2 और 3 (d) 3 only/केवल 3

**Ans.(c):** संविधान के अनुच्छेद 85(1) के अनुसार राष्ट्रपति समय-समय पर, संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर, जो ठीक समझे अधिवेशन के लिए आहूत करेगा, किन्तु उसके एक सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच 6 माह से अधिक का अंतर नहीं होगा।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

राष्ट्रपति प्रधानमंत्री या मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सदनों को बुलाने और स्थगित करने की शक्ति का प्रयोग करता है अतः कथन 1 सही नहीं है।
सदन का सत्रावसान सामान्य; सदन के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के पश्चात् किया जाता है किन्तु भारत के राष्ट्रपति द्वारा उस सदन का सत्रावसान करने पर कोई वर्जन नहीं है जो सत्र में है। भारत में लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है लेकिन इसे पहले भंग किया जा सकता है अनुच्छेद 82(2) के अनुसार इसकी बैठक पहले दिन से 5 वर्ष पूरे होने पर निचले सदन को भंग कर दिया जाता है। प्रधानमंत्री के सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा निचले सदन को पहले भी भंग किया जा सकता है इसे तब भी भंग किया जा सकता है जब राष्ट्रपति को लगता है किसी शासन के त्यागपत्र या पतन के बाद कोई व्यवहार्य सरकार नही बनायी जा सकती है अतः विकल्प (c) सही है।

**6. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: The European Parliament approved The Net-Zero Industry Act recently.**
**कथन-I: हाल ही में, यूरोपीय संसद ने द नेट-जीरो इंडस्ट्री ऐक्ट को मंजूरी दी।**

**Statement-II: The European Union intends to achieve carbon neutrality by 2040 and therefore aims to develop all of its own clean technology by that time.**
**कथन-II: यूरोपीय संघ वर्ष 2040 तक कार्बन तटस्थता (न्यूट्रालिटी) प्राप्त करने का आशय रखता है और इसलिए उसका लक्ष्य उस समय तक अपनी सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकसित करना है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(c):** हाल ही में, यूरोपीय संसद ने द नेट-जीरो इंडस्ट्री एक्ट को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य यूरोपीय संघ के आंतरिक बाजार को औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन के उपयुक्त बनाना है। अतः कथन 1 सही है। यूरोपीय संघ वर्ष 2050 तक कार्बन तटस्थता (न्यूट्रालिटी) प्राप्त करने का आशय रखता है और इसलिए इसका लक्ष्य उस समय तक अपनी स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकसित करना है जिससे यह दुनिया की पहली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी/कथन II सही नहीं है।

**7. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: Recently, Venezuela has achieved a rapid recovery from its economic crisis and succeeded in preventing its people from fleeing/emigrating to other countries.**
**कथन-I: हाल ही में, वेनेजुएला अपने आर्थिक संकट से तेजी से उबरने में सफल हुआ है और अपने लोगों को दूसरे देशों में पलायन/प्रवास करने से रोकने में सफल हुआ है।**

**Statement-II: Venezuela has the world's largest oil reserves.**
**कथन-II: वेनेजुएला के पास विश्व के सबसे बड़े तेल भंडार हैं।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(d):** प्रश्नानुसार कथन-I सही नहीं है क्योंकि 2014 से 7.72 मिलियन से अधिक लोगों के पलायन के साथ वेनेजुएला में शरणार्थी संकट लैटिन अमेरिका में सबसे बड़ा विस्थापन संकट है। अतः वेनेजुएला कई वर्षों से गंभीर सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वेनेजुएला वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा तेल भण्डार वाला देश है जिसमें अनुमानित 300 बिलियन बैरल तेल है।

**8. With reference to the Digital India Land Records Modernisation Programme, consider the following statements:**
**डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **To implement the scheme, the Central Government provides 100% funding.**
**इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए, केंद्र सरकार 100% वित्त-पोषण करती है।**
2. **Under the Scheme, Cadastral Maps are digitised.**
**इस योजना के अंतर्गत, भूसंपत्ति (कैडस्ट्रल) मानचित्र डिजिटलीकृत किए जाते हैं।**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

3. **An initiative has been undertaken to transliterate the Records of Rights from local language to any of the languages recognized by the Constitution of India.**
**स्थानीय भाषा में उपलब्ध अधिकार-अभिलेखों को भारत के संविधान द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी भी भाषा में लिप्यंतरित करने की पहल की गई है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(d):** डिजिटल इण्डिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम जिसे 2016 में भूमि अभिलेखों के प्रबंधन को आधुनिक बनाने, भूमि/संपत्ति विवादों के दायरे को कम करने और भूमि अभिलेख रखरखाव प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने हेतु शुरू किया गया था। इसे 2008 में एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में अनुमोदित किया गया था। इस योजना को 1 अप्रैल 2016 से 100% केंद्र सरकार के वित्तपोषण के साथ एक केन्दीय क्षेत्र की योजना डिजिटल इण्डिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के रूप में नया रूप दिया गया है तथा इस योजना के अंतर्गत, भूसंपत्ति (कैडस्ट्रल) मानचित्र डिजिटलीकृत किए जाते है।
वर्तमान में, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकारों के अभिलेख स्थानीय भाषाओं में रखे जाते हैं भूमि प्रशासन में भाषा संबंधी बाधाओं की समस्या का समाधान हेतु सरकार ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ट कंप्यूटिंग पुणे के तकनीकी सहयोग से संविधान की अनुसूची-VIII **में** 22 भाषाओं में से किसी एक में स्थानीय भाषा में उपलब्ध अधिकारों के अभिलेखों का लिप्यंतरण करने की पहल की है। अतः 1,2 और 3 सही है।

9. **With reference to the 'Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan', consider the following statements:**
**'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. **This scheme guarantees a minimum package of antenatal care services to women in their second and third trimesters of pregnancy and six months post-delivery health care service in any government health facility.**
**यह योजना किसी भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में महिलाओं को प्रसवपूर्व चिकित्सा देखभाल सेवाओं के लिए न्यूनतम पैकेज और प्रसवोत्तर छह महीने की स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल सेवा की गारंटी प्रदान करती है।**
2. **Under this scheme, private sector health care provides of certain specialities can volunteer to provide services at nearby government health facilities.**
**इस योजना के अंतर्गत, कुछ विशिष्टताओं वाले निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता स्वेच्छा से नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**
(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(b):** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर महीने की 9 तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं को निशुल्क, सुनिश्चित, व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करना है। सभी गर्भवती महिलाओं के लिए उनकी दूसरी या तीसरी तिमाही में चिकित्सक/विशेषज्ञ द्वारा कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच सुनिश्चित करना। अतः कथन (1) गलत है। इस योजना के अंतर्गत कुछ विशिष्टताओं वाले निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता स्वेच्छा से नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में सेवाएँ प्रदान कर सकते है। अतः कथन (2) सही है।

10. **With reference to the Pradhan Mantri Shram Yogi Maan-dhan (PM-SYM) Yojana, consider the following statements:**
**प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM) योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**
1. **The entry age group for enrolment in the scheme is 21 to 40 years.**
**इस योजना में नामांकन के लिए प्रवेश आयु वर्ग 21 से 40 वर्ष है।**
2. **Age specific contribution shall be mae by the beneficiary.**
**लाभार्थी द्वारा आयु विशिष्ट अंशदान किया जाएगा।**
3. **Each subscriber under the scheme shall receive a minimum pension of ₹ 3,000 per month after attaining the age of 60 years.**
**इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राहक (सब्सक्राइबर) को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ₹ 3,000 प्रति माह की न्यूनतम पेंशन प्राप्त होगी।**
4. **Family pension is applicable to the spouse and unmarried daughters.**
**पारिवारिक पेंशन पति/पत्नी और अविवाहित पुत्रियों पर लागू होगी।**

**Which of the statements given above is/are correct?/उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**
(a) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 2 only/केवल 2
(d) 1, 2 and 4/1, 2 और 4

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एक सरकारी योजना है। जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों की वृद्धावस्था सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा है। इस योजना में नामांकन हेतु प्रवेश आयु वर्ग 18 से 40 के बीच है। अतः कथन (1) गलत है। इस योजना के तहत 50 : 50 के आधार पर एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जहाँ लाभार्थी द्वारा निर्धारित आयु तक विशिष्ट योगदान दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह 3000 रूपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। अतः कथन (2) और (3) सही है।

**11. Consider the following statements regarding 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam'.**
**'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **Provisions will come into effect from the 18th Lok Sabha.**
   **ये उपबंध 18वीं लोक सभा से प्रभावी होंगे।**
2. **This will be in force for 15 years after becoming an Act.**
   **अधिनियम बनने के बाद यह 15 वर्षों के लिए प्रवर्तन में रहेगा।**
3. **There are provisions for the reservation of seats for Scheduled Castes Women within the quota reserved for the Scheduled Castes.**
   **इसमें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित कोटे के भीतर अनुसूचित जातियों की महिलाओं के लिए स्थानों के आरक्षण के उपबंध हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

**Ans.(c):** नारी शक्ति वंदन अधिनियम संविधान के 128 वें संविधान संशोधन विधेयक, 2023 के द्वारा लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में महिलाओं के लिए लगभग 1 तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा।
इस विधेयक के लागू होने के बाद की गई जनगणना के प्रकाशित होने के बाद आरक्षण प्रभावी होगा। जनगणना के आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए परिसीमन किया जाएगा। आरक्षण 15 साल की अवधि के लिए दिया जाएगा हालाकि यह संसद द्वारा बनाए गए नए कानून द्वारा निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा।
यह उपबंध 18वीं लोकसभा के बाद जनगणना और परिसीमन होगा तत्पश्चात यह अधिनियम प्रभावी होगा।
अतः कथन 1 गलत है एवं 2 और 3 सही हैं।

**12. Which of the following statements about 'Exercise Mitra Shakti-2023' are correct?**
**'अभ्यास मित्र शक्ति-2023' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. **This was a joint military exercise between India and Bangladesh.**
   **यह भारत और बांग्लादेश के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास था।**
2. **It commenced in Aundh (Pune).**
   **इसका प्रारंभ औंध (पुणे) में हुआ।**
3. **Joint response during counter-terrorism operations was a goal of this operation.**
   **आतंकवाद-विरोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रिया इस अभियान का एक लक्ष्य था।**
4. **Indian Air Force was a part of this exercise.**
   **भारतीय वायुसेना इस अभ्यास का एक हिस्सा थी।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**Ans.(d):** अभ्यास मित्र शक्ति 2023 की शुरूआत औंध (पुणे) में शुरू हुई। यह भारत और श्रीलंका के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास था। इस अभ्यास में हेलीकाप्टरों के अलावा ड्रोन और मानवरहित हवाई प्रणालियों का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हेलीपैड को सुरक्षित करने और हताहतों को निकालने के लिए अभ्यास भी दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
इस में भारतीय वायु सेना के 15 कर्मी और श्री लंकाई वायु सेना के पांच कर्मी भी अभ्यास में हिस्सा ले रहे है अतः कथन (1) गलत है और (2), (3), (4) सही हैं।

**13. A Writ of Prohibition is an order issued by the Supreme Court or High Courts to:**
**प्रतिषेध रिट उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा किसे और किस प्रयोजन से जारी किया गया एक आदेश है?**

(a) a government officer prohibiting him from taking a particular action.
किसी सरकारी अधिकारी को, उसे किसी विशिष्ट कार्रवाई करने से प्रतिषेध करने के लिए
(b) the Parliament/Legislative Assembly to pass a law on Prohibition.
संसद/विधान सभा को, मद्यनिषेध पर कोई विधि पारित करने के लिए
(c) the lower court prohibiting continuation of proceedings in a case.
निचली अदालत को, किसी मामले में कार्यवाही जारी रखने का प्रतिषेध करने के लिए।
(d) the Government prohibiting it from following an unconstitutional policy.
सरकार को, उसे किसी असंवैधानिक नीति का अनुपालन करने से प्रतिषेध करने के लिए

**Ans.(c):** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय तथा अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय आदेश या रिट जारी कर सकता है जिनके अंतर्गत बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध अधिकार पृच्छा और उत्प्रेषण रिट हैं।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

प्रतिषेध का अर्थ रोकना है। यह रिट सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय द्वारा किसी अधीनस्थ न्यायालय या न्यायिक निकाय के विरूद्ध तब निकाली जाती है जब वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर निकलकर कार्य करता है या प्राकृतिक न्याय के नियमों का उल्लंघन करता है यानी सरकार को उसे किसी असंवैधानिक नीति का अनुपालन करने प्रतिषेध करने हेतु यह रिट जारी किया जाता है अतः विकल्प (c) सही है।

**14. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. It is the Governor of the State who recognizes and declares any community of that State as a Scheduled Tribe.**
**वह राज्य का राज्यपाल है जो उस राज्य के किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता देता है और घोषित करता है।**

**2. A community declared as a Scheduled Tribe in a State need not be so in another State.**
**किसी राज्य में अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित किसी समुदाय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दूसरे राज्य में भी ऐसा हो।**

**Which of the statements given above is/are correct?/उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(b):** भारत के संविधान के अनुच्छेद 366(25) में, में निर्धारित किया गया है कि अनुसूचित जनजातियों का अर्थ ऐसी जनजातियाँ या जनजातीय समुदाय है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति माना जाता है।
अनुच्छेद 342(1) के तहत राष्ट्रपति किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में और जहाँ वह राज्य है वहाँ उसके राज्यपाल के परामर्श के पश्चात् लोक अधिसूचना द्वारा राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में जनजातियों या जनजातीय समुदायों के भाग या समूहों को अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित किसी समुदाय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दूसरे राज्य में भी ऐसा दो अतः कथन (1) गलत है और कथन (2) सही है।

**15. With reference to Union Budget, consider the following statements:**
**केंद्रीय बजट (यूनियन बजट) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. The Union Finance Minister on behalf of the Prime Minister lays the Annual Financial Statement before both the Houses of Parliament.**
**प्रधानमंत्री की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री संसद के दोनों सदनों के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण रखते हैं।**

**2. At the Union level, no demand for a grant can be made except on the recommendation of the President of India.**
**केंद्रीय (यूनियन) स्तर पर, भारत के राष्ट्रपति की अनुशंसा के बिना अनुदानों की माँग नहीं की जा सकती।**

**Which of the statements given above is/are correct?/उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(c):** संविधान के अनुच्छेद 112 में कहा गया है कि भारत के राष्ट्रपति प्रत्येक वित्तीय वर्ष के सबंध के दोनों सदनों के समक्ष वार्षिक विवरण प्रस्तुत करेगें, इसलिए वित्त मंत्री राष्ट्रपति की ओर से संसद में बजट प्रस्तुत करते है, अर्थात अनुच्छेद 113 कहता है कि राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना अनुदान की कोई माग नही की जाएगी ।

**16. Who of the following is the author of the books "The India Way" and "Why Bharat Matters"?**
**निम्नलिखित में से कौन ''द इंडिया वे (The India Way)'' और ''व्हाई भारत मैटर्स (Why Bharat Matters)'' पुस्तकों के लेखक हैं?**

(a) Bhupendra Yadav/भूपेंद्र यादव
(b) Nalin Mehta/नलिन मेहता
(c) Shashi Tharoor/शशि थरूर
(d) Subrahmanyam Jaishankar/सुब्रह्मण्यम जयशंकर

**Ans.(d):** सुब्रह्मण्यम जयशंकर ''द इंडिया वे और व्हाई भारत मैटर्स पुस्तकों के लेखक है। ये 2019 से भारत के विदेश मंत्री हैं। यह गुजरात राज्य से भारतीय संसद के उच्च सदन के सदस्य हैं।

**17. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| | Country<br>देश | Reason for being in the news<br>समाचार में रहने का कारण |
|---|---|---|
| 1. | Argentina<br>अर्जेंटीना | Worst economic cricis<br>सबसे खराब आर्थिक संकट |
| 2. | Sudan<br>सूडान | War between the country's regular army and paramilitary forces<br>देश की नियमित सेना और अर्द्धसैनिक बलों के मध्य युद्ध |
| 3. | Turkey<br>तुर्की | Rescinded its membership of NATO<br>NATO की अपनी सदस्यता निरस्त कर दी |

**How many of the pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) All three pairs/सभी तीन युग्म
(d) None of the pairs/कोई युग्म नहीं

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans.(b) :** निम्नलिखित देशों और समाचार में रहने के कारणों का सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

(1) अर्जेंटीना- सबसे खराब आर्थिक संकट

(2) सूडान-देश की नियमित सेना और अर्धसैनिक बलों के मध्य युद्ध

(3) तुर्की-1952 से नाटो का सदस्य है

अतः विकल्प (b) सही है।

**18. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I : Sumed pipeline is a strategic route for Persian Gulf oil and natural gas shipments to Europe.**
**कथन-I : सुमेड पाइपलाइन यूरोप को जाने वाले फारस की खाड़ी के तेल और प्राकृतिक गैस नौभार (शिपमेंट) के लिए एक रणनीतिक मार्ग है।**

**Statement-II : Sumed pipeline connects the Red Sea with the Mediterranean Sea.**
**कथन-II : सुमेड पाइपलाइन लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है।**

**Which one of the following is corret in the Mediterranean Sea.**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I.
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

(c) Statement-I is corret, but Statement-II in incorrect.
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II in correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(a):** सुमेड पाइप लाइन यूरोप को जाने वाले फारस की खाड़ी के तेल और प्राकृतिक गैस नौभार के लिए रणनीतिक मार्ग है। सुमेड पाइपलाइन, मिस्र में स्थित स्वेज नहर लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है अतः कथन I और II दोनों सही है तथा कथन II कथन I का सही व्याख्या करता है।

**19. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. The Red Sea receives very little precipitation in any form.**
**लाल सागर में किसी भी रूप में बहुत कम वर्षण होता है।**

**2. No water enters the Red Sea from rivers.**
**लाल सागर में नदियों से जल का प्रवेश नहीं होता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1

(b) 2 only/केवल 2

(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(c):** लाल सागर विश्व के सर्वाधिक खारे जल निकायों में से एक है, जो उत्तर-पश्चिम में भूमध्य सागर एवं दक्षिण-पूर्व में हिन्द महासागर के मध्य फैली हुई है। यह रेगिस्तान या अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरा हुआ है। इसके पूर्वी एवं पश्चिमी तटों पर सलाना 250 मिमी से कम वर्षा होती है। इसलिए इसे रेगिस्तान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इस प्रकार कथन I सही है।
लाल सागर केवल भूमध्य सागर एवं हिन्द महासागर के साथ ही अपना जल साझा करता है, इसमें नदियों से कोई पानी नहीं जाता है। इस प्रकार कथन 2 भी सही है।

**20. According to the Environmental Protection Agency (EPA), which one of the following is the largest source of sulphur dioxide emissions?**
**पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जनों का सबसे बड़ा स्रोत है?**

(a) Locomotives using fossil fuels
जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले रेल इंजन (लोकोमोटिव)

(b) Ships using fossil fuels
जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले जहाज

(c) Extraction of metals from ores
अयस्कों से धातुओं का निष्कर्षण

(d) Power plants using fossil fuels
जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले विद्युत संयंत्र

**Ans.(d):** पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के अनुसार जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले विद्युत संयंत्र सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जनों का सबसे बड़ा स्रोत है तथा ये कारखानों आदि में कोयला या तेल जैसी चीजों को जलाने से निर्माण होता है। इसका रासायनिक नाम $SO_2$ है यह तीव्र गंधयुक्त एक तीक्ष्ण विषैली गैस है।

**21. How many Delimitation Commission have been constituted by the Government of India till December, 2023?**
**दिसंबर, 2023 तक भारत सरकार द्वारा कितने परिसीमन आयोग गठित किए गए हैं?**

(a) One/एक (b) Two/दो

(c) Three/तीन (d) Four/चार

**Ans.(d):** परिसीमन का शब्दिक अर्थ है, विधायी निकाय वाले देश या प्रांत में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं या सीमाओं को तय करने का कार्य या प्रक्रिया। भारत में ऐसे परिसीमन का गठन 4 बार किया गया है- 1952 में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 के तहत, 1963 परिसीमन आयोग अधिनियम 1962 के तहत, 1973 में परिसीमन अधिनियम 1972 के तहत और 2002 में परिसीमन अधिनियम, 2002 के तहत।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

22. The Constitution (71st Amendment) Act, 1992 amends the Eighth Schedule to the Constitution to include which of the follownig languages?
**संविधान (71वें संशोधन) अधिनियम, 1992 के द्वारा निम्नलिखित में से किस भाषा को शामिल करने के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में संशोधन किया गया है?**

1. **Konkani/कोंकणी**
2. **Manipuri/मणिपुरी**
3. **Nepali/नेपाली**
4. **Maithili/मैथिली**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**Ans.(a):** संविधान के आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं (मूलतः 14 भाषाएँ) को शामिल किया गया है जो असमिया, बंगाली, बोड़ो, डोगरी, गुजराती हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोकणी मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू। 21वें संविधान संशोधन 1967 में सिंधी भाषा को जोड़ा गया तथा 71 वें संशोधन 1992 में कोकणी, मणिपुरी और नेपाली को जोड़ा गया, 92 वें संशोधन अधिनियम 2003 में बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को जोड़ा गया।
अतः विकल्प (a) सही है।

23. **Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| | Party<br>दल | Its Leader<br>उसके नेता |
|---|---|---|
| 1. | Bharatiya Jana Sangh<br>भारतीय जन संघ | Dr. Shyama Prasad Mukherjee<br>डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी |
| 2. | Socialist Party<br>सोशलिस्ट पार्टी | C. Rajagopalachari<br>सी. राजगोपालाचारी |
| 3. | Congress for Democracy<br>कॉंग्रेस फॉर डेमोक्रेसी | Jagjivan Ram<br>जगजीवन राम |
| 4. | Swatantra Party<br>स्वतंत्र पार्टी | Acharya Narendra Dev<br>आचार्य नरेंद्र देव |

**How many of the above are correctly matched?**
**उपर्युक्त में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(b):** निम्नलिखित दलों और उसके नेताओं का सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| Party<br>दल | Its Leader<br>उसके नेता |
|---|---|
| भारतीय जन संघ | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी |
| सोशलिस्ट पार्टी | जय प्रकाश नारायण और राममनोहर लोहिया |
| कॉंग्रेस फॉर डेमोक्रेसी | जगजीवन राम |
| स्वतंत्र पार्टी | कांग्रेस पार्टी |

24. **Which of the following statements are correct about the Constitution of India?**
**भारत के संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?**

1. **Powers of the Municipalities are given in Part IX A of the Constitution./नगरपालिकाओं की शक्तियाँ संविधान के भाग 9-क में दी गई हैं।**
2. **Emergency provisions are given in Part XVIII of the Constitution./आपात उपबंध संविधान के भाग 18 में दिए गए हैं।**
3. **Provisions related to the amendment of the Constitution are given in Part XX of the Constitution./संविधान के संशोधन से संबंधित उपबंध संविधान के भाग 20 में दिए गए हैं।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(d):** भारत के संविधान में 74 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा संविधान में एक नया भाग IX A जोड़ा गया जो नगरपालिका और इसके प्रशासन से संबंधित है
संविधान के भाग 18 में राष्ट्रीय राज्य और वित्तीय आपात काल सहित आपात स्थितियों हेतु उपबंध है।
संविधान के भाग 20 में अनुच्छेद 368, संविधान और उसकी प्रक्रियाओं में संशोधन करने की संसद की शक्ति से संबंधित है।

25. **Which one of the following statements is correct as per the Constitution of India?**
**भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) Inter-State trade and commerce is a State subject under the State List./अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है।
(b) Inter-State migration is a State subject under the State List./अंतरराज्यीय प्रवासन राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है।
(c) Inter-State quarantine is a Union subject under the Union List.
अंतरराज्यीय संगरोध संघ सूची के अधीन एक संघ विषय है।
(d) Corporation tax is a State subject under the State List.
निगम कर राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans.(c) :** भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची में तीन सूचियाँ हैं जो केन्द्र और राज्यों के मध्य शाक्तियों का वितरण करती हैं
1- संघ सूची - 98 विषय
2- राज्य सूची - 59 विषय
3 - समवर्ती सूची - 52 विषय
प्रश्नानुसार,
अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य, तथा अंतरराज्यीय प्रवासन संघ सूची के अंतर्गत आता है तथा अंतराज्यीय संगरोध संघ सूची और निगम कर संघ सूची के अंतर्गत आता है अतः विकल्प (c) सही है।

**26. Under which of the following Articles of the Constitution of India, has the Supreme Court of India placed the Right to Privacy?**
**भारत के उच्चतम न्यायालय ने निजता के अधिकार को भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत रखा है?**
(a) Article 15/अनुच्छेद 15
(b) Article 16/अनुच्छेद 16
(c) Article 19/अनुच्छेद 16
(d) Article 21/अनुच्छेद 21

**Ans.(d):** भारत के उच्चतम न्यायालय ने निजता के अधिकार को भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत रखा है क्योंकि मानवोचित गरिमा के साथ जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को निजता की आवश्यकता होती है। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष, 2017 में के.एस. पुदुस्वामी बनाम भारत संघ के निर्णय में निजता और इसके महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि निजता का अधिकार एक मौलिक और अविभाज्य अधिकार है।

**27. What are the duties of the Chief of Defence Staff (CDS) as Head of the Department of Military Affairs?**
**सैन्य कार्य विभाग के प्रमुख के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (CDS) के कर्तव्य कौन-से हैं?**
**1. Permanent Chairman of Chiefs of Staff Committee./चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष**
**2. Exercise military command over the three Service Chiefs./तीनों सेवा प्रधानों (सर्विस चीफ) पर सैन्य कमान का प्रयोग करना**
**3. Principal Military Advisor to Defence Minister on all tri-service matters/सभी तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के विषयों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार**
**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**
(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

**Ans.(d):** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद का सृजन वर्ष 2001 में मंत्रियों के सिफारिश से की गई थी जिसे कारगिल समीक्षा का रिपोर्ट की जांच करने के लिए दिया गया था। इसका कर्तव्य–
(1) चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष के रूप में कार्य करना
(2) तीनों सेनाओं के संगठनों/ एंजेसियाँ/कमांडो का प्रशासन करना
(3) सभी त्रि-सेता मामलों पर माननीय रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करना
अतः कथन (1) और (3) सही है।

**28. Operartions undertaken by the Army towards upliftment of the local population in remote areas to include addressing of their basic needs is called:**
**मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन-समुदाय के उत्थान के लिए सेना द्वारा संचालित अभियान (ऑपरेशन) को क्या कहा जाता है?**
(a) Operation Sankalp/ऑपरेशन संकल्प
(b) Operation Maitri/ऑपरेशन मैत्री
(c) Operation Sadbhavana/ऑपरेशन सद्भावना
(d) Operation Madad/ऑपरेशन मदद

**Ans.(c):** भारतीय सेना केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के दूरदराज के इलाकों में रहने वालों हेतु मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन समुदाय के उत्थान के लिए सेना द्वारा संचालित अभियान 'आपरेशन सदभावना' है।

**29. The longest border between any two countries in the world is between:**
**विश्व में किन्हीं दो देशों के मध्य सबसे लंबी सीमा निम्नलिखित में से किनके मध्य है?**
(a) Canada and the United States of America
कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) Chile and Argentina/चिली और अर्जेंटीना
(c) China and India/चीन और भारत
(d) Kazakhstan and Russian Federation
कज़ाख़स्तान और रशियन फेडरेशन

**Ans.(a):** कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया की सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है जो 8890 किलोमीटर तक विस्तारित है। जिसकी तुलना में चिली-अर्जेंटीना सीमा 5308 किलोमीटर लंबी है, भारत और चीन 3488 लंबी सीमा तथा रूस और कजाखिस्तान की सीमा 6846 किलोमीटर लंबी है।

**30. Which of the following statements about the Ethics Committee in the Lok Sabha are correct?**
**लोक सभा में आचार समिति के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?**
**1. Intially it was an ad-hoc Committee.**
**प्रारंभ में यह एक तदर्थ समिति थी।**
**2. Only a Member of the Lok Sabha can make a complaint relating to unethical conduct of a member of the Lok Sabha.**
**केवल कोई लोक सभा का सदस्य ही किसी लोक सभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित शिकायत कर सकता है।**

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

3. **This Committe cannot take up any matter which is sub-judice.**
**यह समिति किसी ऐसे मामले पर विचार नहीं कर सकती जो न्यायाधीन है।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(c):** 13वीं लोक सभा के दौरान विशेषाधिकार समिति ने एक आचार समिति के गठन की सिफारिश की थी। 1 दिवंगत अध्यक्ष जीएमसी बाल योगी ने वर्ष 2000 में एक तदर्थ आचार समिति का गठन किया था जो वर्ष 2015 में सदन का स्थायी हिस्सा बनी। अध्याय 20A के नियम 233A(1) के अनुसार कोई भी व्यक्ति या प्रतिनिधि लोक सभा के किसी सदस्य के नैतिक आचरण के बारे में शिकायत कर सकता है। बशर्ते कि कोई शिकायत किसी व्यक्ति द्वारा की जाती है तो उसे एक सदस्य द्वारा अग्रेषित (Forwarded) किया जाएगा। अध्याय 20A के नियम 233A(10) के अनुसार, आचार समिति किसी ऐसे मामले पर विचार नहीं करेगी जो न्यायालय में विचाराधीन हो और समिति का निर्णय कि ऐसा मामला न्यायालय में विचारा धीन है या नहीं, इन नियमों के प्रयोजन के लिए अंतिम माना जाएगा।

31. **Who was the Provisional President of the Constituent Assembly before Dr. Rajendra Prasad took over?**
**डॉ. राजेंद्र प्रसाद के कार्यभार संभालने से पहले संविधान सभा के अस्थायी सभापति कौन थे?**

(a) C. Rajagopalachari/सी. राजगोपालाचारी
(b) Dr. B.R. Ambedkar/डॉ. बी.आर. अंबेडकर
(c) T.T. Krishnamachari/टी.टी. कृष्णमाचारी
(d) Dr. Sachchidananda Sinha/डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

**Ans.(d):** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के कार्यभार संभालने से पहले संविधान सभा के अस्थायी समापति डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा जिन्होंने 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक की अध्यक्षता की थी।

32. **With reference to the Government of India Act, 1935, consider the following statements:**
**भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **It provided for the establishment of an All India Federation based on the union of the British Indian Provinces and Princely States./इसमें ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और देशी रियासतों को मिलाकर एक अखिल भारतीय परिसंघ (फेडरेशन) की स्थापना का प्रावधान किया गया।**
2. **Defence and Foreign Affairs were kept under the control of the federal legislature./रक्षा और विदेश संबंधी मामलों को परिसंघीय विधानमंडल के नियंत्रण के अधीन रखा गया।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(a):** भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिट्रिश भारतीय प्रांतो और देशी रियासतों को मिलाकर एक अखिल भारतीय परिसंघ की स्थापना का प्रावधान किया गया। इसने 11 में से 6 प्रांतों में द्विसदनीय व्यवस्था लागू की। रक्षा और विदेश संबंधी मामलों को परिसंघीय विधानमंडल के नियंत्रण के अधीन रखा गया। इसी हेतु विषयों को तीन सूची में वगीकृत किया गया केन्द्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची।

33. **Which one of the following is a work attributed to playwright Bhasa?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी नाटककार भास की रचना है?**

(a) Kavyalankara/काव्यालंकार
(b) Natyashastra/नाट्यशास्त्र
(c) Madhyama-vyayoga/मध्यम-व्यायोग
(d) Mahabhashya/महाभाष्य

**Ans.(c):** नाटककार भास के सन् 1912 ई. में टी. गणपति शास्त्री द्वारा 13 नाटकों का संग्रह प्रकाशित हुआ है, जो निम्नलिखित हैं-
**(1) रामकथा पर आधारित -** प्रतिमा नाटकम्, अभिषेक नाट्कम्, मध्यम-व्यायोग, दूत घटोत्कचम्।
**(2) महाभारत पर आधारित-**कर्ण भारम्, दूतवाक्यम और ऊरूभंगम्।
**(3) भागवत/कृष्णकथा पर आधारित-** बाल चरितम्
**(4) लोककथा पर पर आधारित -** चारूदत्तम्, अविमारकम्
**(5) उदयनकथा पर आधारित-**प्रतिज्ञा यौगन्ध रायणम्, स्वप्नवासदत्तम्

34. **Sanghabhuti, an Indian Buddhist monk, who travelled to China at the end of the fourth century AD, was the author of a commentary on:**
**संघभूति, एक भारतीय बौद्ध भिक्षु, जिन्होंने चौथी शताब्दी ईसवी के अंत में चीन की यात्रा की, निम्नलिखित में से किस पर भाष्य के लेखक थे?**

(a) Prajnaparamita Sutra/प्रज्ञापारामिता सूत्र
(b) Visuddhimagga/विसुद्धिमग्गो
(c) Sarvastivada Vinaya/सर्वास्तिवाद विनय
(d) Lalitavistara/ललितविस्तर

**Ans.(c):** संघ भूति, सर्वास्तिवाद विनय पर भाष्य के लेखक थे। अपने प्रारंभिक इतिहास में सर्वास्तिवाद विनय चीन में सर्वसामान्य विनय परंपरा थी। संपूर्ण सर्वास्तिवाद विनय चीनी बौद्ध धर्मग्रन्य में विद्यमान है।

35. **Consider the following properties included in the World Heritage List released by UNESCO:**
**यूनेस्को (UNESCO) द्वारा जारी विश्व धरोहर सूची में शामिल की गई निम्नलिखित संपत्तियों पर विचार कीजिए–**

1. **Shantiniketan/शांतिनिकेतन**
2. **Rani-ki-Vav/रानी-की-वाव**


Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

3. **Sacred Ensembles of the Hoysalas**
   **होयसला के पवित्र मंदिर समूह**
4. **Mahabodhi Temple Complex at Bodhgaya**
   **बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर**

**How many of the above properties were included in 2023?**
**उपर्युक्त में से कितनी संपत्तियों को वर्ष 2023 में शामिल किया गया?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(b):** यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची अभिसमय को 16 नवंबर, 1972 को स्वीकार किया गया। इसी अभिसमय के अंतर्गत वर्तमान में भारत में कुल 42 विश्व धरोहर स्थल हैं। वर्ष 2023 में भारत के दो स्थलों शांति-निकेतन (41वाँ) और होयसला के पवित्र मंदिर समूह (42वाँ) को शामिल किया गया था। शांतिनिकेतन की स्थापना वर्ष 1901 में गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा की गई थी। वर्ष 1921 में शांतिनिकेतन को विश्वविद्यालय दर्जा दिया गया। होयसला के पवित्र मंदिर समूह को 12-13वीं शताब्दी में होयसल वंश द्वारा बनवाया गया था। वर्ष 2002 में बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर को और वर्ष 2014 में रानी की वाव को विश्व विरासत स्थल में शामिल किया गया था।

**36. As per Article 368 of the Constitution of India, the Parliament may amend any provision of the Constitution by way of:**
**भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, संसद निम्नलिखित में से किनके द्वारा संविधान के किसी उपबंध में संशोधन कर सकेगी?**

1. **Addition/परिवर्धन**
2. **Variation/परिवर्तन**
3. **Repeal/निरसन**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(d):** संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान का संशोधन करने की शक्ति और उसके लिए प्रक्रिया का उपबन्ध किया गया है। अनुच्छेद 368 के अनुसार, इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी संसद अपनी संविधायी शक्ति का प्रयोग करते हुए इस संविधान के किसी उपबंध का परिवर्धन, परिवर्तन या निरसन के रूप में संशोधन इस अनुच्छेद में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार कर सकेगी।

**37. Consider the follownig countries:**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए–**

1. **Italy/इटली**
2. **Japan/जापान**
3. **Nigeria/नाइजीरिया**
4. **South Korea/दक्षिण कोरिया**
5. **South Africa/दक्षिण अफ्रीका**

**Which of the above countries are frequently mentioned in the media for their low birth rates, or ageing population or declining population?**
**उपर्युक्त में से किन देशों का उल्लेख प्रायः मीडिया में उनकी निम्न जन्म दर, अथवा वृद्धोन्मुख जनसंख्या अथवा ह्रासमान जनसंख्या के लिए किया जाता है?**

(a) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(b) 1, 3 and 5/1, 3 और 5
(c) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(d) 3 and 5 only/केवल 3 और 5

**Ans.(a):** इटली निम्न जन्मदर और वृद्ध होती जनसंख्या के संकट से जूझ रहा है। इटली की जन्म दर वर्ष 2022 में 1.24 से गिरकर वर्ष 2023 में 1.20 हो गई। इसी प्रकार जापान और दक्षिण कोरिया दोनों देश भी इस संकट का सामना कर रहें हैं। वर्ष 2023 में जहां जापान की जन्मदर 1.26 है। वहीं दक्षिण कोरिया की जन्म दर 0.72 है। इन देशों में मानक जन्म दर (2.1) से कम संख्या है। इसलिए ये देश वृद्ध होती जनसंख्या का सामना कर रहे हैं। नाइजीरिया उच्च जन्मदर वाला देश है।

**38. Which of the following statements are correct in respect of a Money Bill in the Parliament?**
**संसद में धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?**

1. **Article 109 mentions special procedure in respect of Money Bills./अनुच्छेद 109 में धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया का उल्लेख है।**
2. **A Money Bill shall not be introduced in the Council of States./धन विधेयक राज्य सभा में पुरःस्थापित नहीं किया जाएगा।**
3. **The Rajya Sabha can either approve the Bill or suggest changes but cannot reject it./राज्य सभा या तो विधेयक को अनुमोदन दे सकती है या परिवर्तन के लिए सुझाव दे सकती है किंतु इसे अस्वीकार नहीं कर सकती।**
4. **Amendments to a Money Bill suggested by the Rajya Sabha have to be accepted by the Lok Sabha./राज्य सभा द्वारा धन विधेयक में सुझाए गए संशोधन को लोक सभा द्वारा स्वीकार करना होगा।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) 1, 3 and 4/1, 3 और 4

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans.(c):** संविधान के अनुच्छेद 109 में धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया का उल्लेख है। धन विधेयक केवल लोकसभा में पुन:स्थापित किया जायेगा, राज्यसभा में नहीं। राज्य सभा या तो विधेयक को अनुमोदन दे सकती है या परिवर्तन के लिए सुझाव दे सकती है, किन्तु इसे अस्वीकर नहीं कर सकती है। यदि लोकसभा, राज्य सभा की किसी भी सिफारिश को स्वीकार नहीं करती है तो धन विधेयक, राज्य सभा द्वारा सिफारिश किये गये किसी संशोधन के बिना, दोनों सदनों द्वारा उस रूप में पारित किया समझा जाएगा जिसमें वह लोक सभा द्वारा पारित किया गया था।

**39. Which of the following is/are correctly matched in terms of equivalent rank in the three services of Indian Defence forces?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, भारतीय सशस्त्र सेना की तीनों सेवाओं में समकक्ष रैंक के संदर्भ में सही सुमेलित है/हैं?**

| | Army थल सेना | Airforce वायु सेना | Navy नौसेना |
|---|---|---|---|
| 1. | Brigadier ब्रिगेडियर | Air Commodore एयर कमोडोर | Commander कमांडर |
| 2. | Major General मेजर जनरल | Air Vice Marshal एयर वाइस मार्शल | Vice Admiral वाइस एडमिरल |
| 3. | Major मेजर | Squadron Leader स्क्वाड्रन लीडर | Lieutenant Commander लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | Lieutenant Colonel लेफ्टिनेंट कर्नल | Group Captain ग्रुप कैप्टन | Captain कैप्टन |

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 4/1 और 4
(b) 1 and 3/1 और 3
(c) 2, 3 and 4/2, 3 और 4
(d) 3 only/केवल 3

**Ans.(d):** भारतीय सशस्त्र सेना की तीनों सेवाओं में समकक्ष रैंक के संदर्भ में सही सुमेलित क्रम निम्नलिखित हैं-

| क्रम.स. | थल सेना | वायु सेना | नौसेना |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर | एयर कमोडोर | कमोडोर |
| 2. | मेजर जनरल | एयर वाइस मार्शल | रीयर एडमिरल |
| 3. | मेजर | स्क्वाड्रन लीडर | लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल | विंग कमांडर | कमांडर |

**40. The North Eastern Council (NEC) was established by the North Eastern Council Act, 1971. Subsequent to the amendment of NEC Act in 2002, the Council comprises which of the following members?**
**पूर्वोत्तर परिषद् (NEC) की स्थापना पूर्वोत्तर परिषद् अधिनियम, 1971 द्वारा की गई थी। वर्ष 2002 में NEC अधिनियम में संशोधन के बाद, परिषद में निम्नलिखित में से किन-किन सदस्यों को शामिल किया गया है?**

1. **Governor of the Constitutent State.**
   **संघटक राज्य का राज्यपाल**
2. **Chief Minister of the Constitutent State.**
   **संघटक राज्य का मुख्य मंत्री**
3. **Three Members to be nominated by the President of India.**
   **भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट तीन सदस्य**
4. **The Home Minister of India.**
   **भारत का गृह मंत्री**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1, 2 and 3 only/केवल 1, 2 और 3
(b) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4
(c) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**Ans.(a):** पूर्वोत्तर परिषद सशोधन अधिनियम 2002 के बाद 1971 अधिनियम की धारा 3 को प्रतिस्थापित किया गया और संशोधित अधिनियमों में संरचना को परिभाषित किया गया है, एनईसी का प्राथमिक उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेसी के रूप में कार्य करना हैं जो अरूणाचलप्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय मिजोरम, नागालैड, सिक्मिम त्रिपुरा, राज्यों से मिलकर बना क्षेत्र है।

**41. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I : If the United States of America (USA) were to default on its debt, holders of US Treasury Bonds will not be able to exercise their claims to receive payment.**
**कथन-I : यदि संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) अपने ऋण पर चूक करता है, तो US ट्रेजरी बॉण्डों के धारक भुगतान प्राप्त करने के लिए अपने दावों का प्रयोग नहीं कर पाएँगे।**

**Statement-II : The USA Government debt is not backed by any hard assets, but only by the faith of the Government.**
**कथन-II : USA सरकार का ऋण कोई मूर्त (हार्ड) परिसंपत्तियों द्वारा समर्थित नहीं है, बल्कि केवल सरकार के विश्वास से समर्थित है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(a): एक सरकारी बिल में चूक की स्थिति में अमेरिका सरकार अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने में विफल हो जाएगी, अमेरिकी ट्रेजरी ब्राँड धारकों का सरकार पर मूलधन और प्याज के भुगतान का दावा है हालांकि डिफाल्ट की स्थिति में वे इन दावों का तुरन्त उपयोग नही कर पाएगें क्योकि सरकार के पास अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए धन नही होगा जिसके कारण बांड धारकों को उनके दावो ंसे वंचित किया जाएगा।**

**42. Consider the following statements:**
**निम्नलिखिथ कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I : Syndicated lendind spreads the risk of borrower default across spreads the risk of borrwer default across multiple lenders.**
**कथन-I : सामूहिक उधार बहु उधारदाताओं के मध्य उधारकर्त्ता के चूक (डिफाल्ट) का जोखिम बढ़ाता है।**

**Statement-II : The syndicated loan can be a fixed amount/lump sum of funds, but cannot be a credit line.**
**कथन-II : सामूहिक ऋण एक नियत राशि/एकमुश्त निधि हो सकती है, किंतु ऋण व्यवस्था (क्रेडिट लाइन) नहीं हो सकती।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

**Ans.(*):** सामूहिक उधार वित्तपोषण का एक रूप है जो उधारदाताओं के समूह द्वारा पेश किया जाता है। सामूहिक उधार से ऋणदाताओं को जोखिम विस्तार और वित्तीय अवसरों में भाग लेने को अनुमति मिलती है जो उनके व्यक्तिगत पूंजी आधार के लिए बहुत बड़े परियोजना, या एक संप्रभु सरकार हो सकती है। ऋण में एक निश्चित राशि, एक क्रेडिट लाइन या दोनों का संयोजन शामिल हो सकता है।
अतः कथन (1) सही है किन्तु कथन (2) सही नहीं है।

**43. Consider the following statements in respect of the digital rupee:**
**डिजिटल रुपए के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. It is a sovereign currency issued by the Reserve Bank of India (RBI) in alignment with its monetary policy./यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अपनी मौद्रिक नीति के अनुरूप जारी की गई राष्ट्रिक (सॉवरेन) मुद्रा है।**
**2. It appears as a liability on the RBI's balance sheet./यह RBI के तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) पर देयता के रूप में दिखाई देता है।**
**3. It is insured against inflation by its very design./यह अपने डिजाइन से ही मुद्रास्फीति के विरुद्ध बीमाकृत है।**
**4. It is freely convertible against commercial bank money and cash./यह वाणिज्यिक बैंक मुद्रा और नकदी के लिए स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(d) 1, 2 and 4/1, 2 और 4

**Ans.(d):** डिजिटल रुपया भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी मौद्रिक नीति के अनुरूप जारी की गई सॉवरेन मुद्रा है। यह आरबीआई की बैलेंस शीट पर देयता के रूप में दिखाई देता है। यह वाणिज्यिक बैंक मुद्रा और नकदी के लिए स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय है। अतः कथन (1), (2) और (4) सही हैं। यह एक डिजिटल मुद्रा है जो मुद्रास्फीति से अप्रभावित नहीं है। अतः कथन (3) गलत है।

**44. With reference to ancient India, Gautama Buddha was generally known by which of the following epithets?**
**प्राचीन भारत के संदर्भ में, गौतम बुद्ध को सामान्यतः निम्नलिखित में से किन उपनामों से जाना जाता था?**

**1. Nayaputta/नायपुत्त**
**2. Shakyamuni/शाक्यमुनि**
**3. Tathagata/तथागत**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) None of the above are epithets of Gautama Buddha/उपर्युक्त में से कोई भी गौतम बुद्ध के उपनाम नहीं हैं

**Ans.(b):** प्राचीन भारत के संदर्भ में, गौतम बुद्ध को सामान्यतः शाम्यमुनि तथा तथागत उपनामों से जाना जाता था। जैन ग्रन्थों के अनुसार, नायपुत्त या नाटपुत्त नाम का प्रयोग महावीर स्वामी के लिए किया गया है।

**45. Consider the following information:**
**निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए–**

| | Archaeological Site पुरातात्विक स्थल | State राज्य | Description विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | Chandraketugarh चंद्रकेतुगढ़ | Odisha ओडिशा | Trading Port town व्यापार बंदरगाह शहर |
| 2. | Inamgaon इनामगाँव | Maharashtra महाराष्ट्र | Chalcolithic site ताम्र-पाषाण स्थल |
| 3. | Mangadu मंगडु | Kerala केरल | Megalithic महापाषाण स्थल |
| 4. | Salihundam सालिहुंडम | Andhra Pradesh आंध्र प्रदेश | Rock-cut cave shrines शैलकृत गुफा मंदिर |

**In which of the above rows is the given information correctly matched?**
**उपर्युक्त में से कौन-सी पंक्तियों में दी गई सूचना सही सुमेलित है?**
(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 and 3/2 और 3
(c) 3 and 4/3 और 4 (d) 1 and 4/1 और 4

**Ans.(b):** Correct math-

| पुरातात्विक स्थल | राज्य | विवरण |
|---|---|---|
| चंद्रकेतुगढ़ | पश्चिम बंगाल | व्यापार बंदरगाह शहर |
| इनामगाँव | महाराष्ट्र | ताम्र-पाषाण स्थल |
| मंगडु | केरल | महापाषाण स्थल |
| सालिहुडंम | आन्ध्र प्रदेश | बौद्ध स्तूप |

**46. Who of the following rulers of medieval India gave permission to the Portuguese to build a fort at Bhatkal?**
**मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित शासकों में से किसने पुर्तगालियों को भटकल में एक किला बनाने की अनुमति दी थी?**
(a) Krishnadevaraya/कृष्णदेवराय
(b) Narasimha Saluva/नरसिम्हा सालुव
(c) Muhammad Shah III/मुहम्मद शाह III
(d) Yusuf Adil Shah/यूसुफ आदिल शाह

**Ans.(a):** 1510 ई. में अलबुकर्क ने फादर लुई को कृष्णदेवराय के दरबार में भटकल में एक किला बनाने की अनुमति माँगने के लिए भेजा था। पुर्तगालियाँ को अनुमति मिलने के बाद भटकल में किले की स्थापना की गई। भटकल किले की स्थापना से पुर्तगालियों को अरब सागर में पहुँच मिली।

**47. With reference to revenue collection by Cornwallis, consider the following statements:**
**कॉर्नवालिस द्वारा राजस्व संग्रहण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. **Under the Ryotwari Settlement of revenue collection, the peasants were exempted from revenue payment in case of bad harvests or natural calamities.**
**राजस्व संग्रहण के रैयतवाड़ी बंदोबस्त के अधीन, किसानों को फसल खराब होने या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राजस्व भुगतान से छूट दी गई थी।**
2. **Under the Permanent Settlement in Bengal, if the Zamindar failed to pay his revenues to the state, on or before the fixed date, he would be removed from his Zamindari.**
**बंगाल स्थायी बंदोबस्त के अधीन, यदि जमींदार नियत तिथि पर या उससे पहले राज्य को राजस्व का भुगतान करने में विफल रहता, तो उसे उसकी जमींदारी से हटा दिया जाता।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**
(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 न ही 2

**Ans.(*):** वर्ष 1793 में लार्ड कार्नवालिस द्वारा स्थायी बंदोबस्त को बंगाल, बिहार और उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में लाया गया जो कुल ब्रिटिश भारतीय भू-भाग का 19 प्रतिशित था। बंगाल स्थायी बंदोबस्त के अधीन, यदि जमींदार नियत तिथि पर या उससे पहले राज्य को राजस्व का भुगतान करने में विफल रहता तो उसे उसकी जमींदारी से हटा दिया जाता था। राजस्व संग्रहण के रैयतवाड़ी बंदोबस्त के अधीन किसानों को फसले खराब होने या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राजस्व भुगतान से छूट नहीं दी गई थी। मद्रास उत्पीड़न समिति, 1855 की रिपोर्ट से उत्पीड़न अनुसार, किसानों के ऊपर राजस्व न देने से उत्पीड़न की कार्यवाही की जाती थी। रैय्यतवाड़ी बंदोबस्त को 1792 ई. में अलेक्जेंडर कीड द्वारा शुरु किया गया था जिसका विकास 1820 ई. में टामस मुनरों द्वारा किया गया।

**48. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. **There are no parables in Upanishads.**
**उपनिषदों मे कोई नीति-कथा (पैरॅबॅल) नहीं है**
2. **Upanishads were composed earlier than the Puranas./उपनिषदो की रचना पुराणो से भी पहले हुई थी।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(b):** नीति-कथा एक छोटी रूपक कहानी है जो किसी सत्य, धार्मिक सिद्धान्त या नैतिक पाठ को चित्रित करने या सिखाने के लिए बनाई गई हैं। उपनिषद जिन्हें वेदांत भी कहा जाता है, ने अनुष्ठानों के उच्च अर्थ को समझाने की कोशिश की और आत्मा, ब्रम्ह और प्रकृति जैसे आध्यात्मिक प्रश्नों का उत्तर दिया है। ये प्रश्न गुरु और शिष्य के बीच सवाल-जवाब के रूप में प्रस्तुत किये गये है। उदाहरण के लिए छांदोग्य उपनिषद में एक पिता द्वारा अपने बेटे को हिंदू धर्म का अंतिम सत्य सिखाने की नीति-कथा है। अतः कथन (1) गलत है। उपनिषदों की रचना का काल 800 ईसा. पूर्व से 500 ईसा पूर्व तक माना जाता हैं और पुराणों की रचना का काल 500 ईसा पूर्व से 1000 ई. तक माना जाता है। अतः उपनिषदों की रचना पुराणों से पहले हुई है।

**49. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **India is a member of the International Grains Council./भारत इंटरनेशनल ग्रेंस काउंसिल का सदस्य है।**
2. **A country needs to be a member of the International Grains Council for exporting or importing rice and wheat./चावल और गेहूँ के निर्यात या आयात के लिए किसी देश को इंटरनेशनल ग्रेंस काउंसिल का सदस्य होना आवश्यक है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और दोनों 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(a):** भारत अंतराष्ट्रीय अनाज परिषद (IGC) एक अंतर सरकारी संगठन है, जो अनाज ब्यापार सम्मेलन की देखरेख करता है, ओर वैशिक अनाज व्यापर में बढ़ावा देना होता है बर्तमान में केवल, 30 देश (IGC) के सदस्य है, (IGC) का सदस्य होने के नाते चावल, गेहूँ का निर्यात या आयात कर सके रूस, यूक्रेन, अफगाानिस्तान आदि देश (IGC) के सदस्य नही है यह अनाज व्यापर सम्मेलन 1995 का प्राकाशन करता है 1949 मे अंतराष्ट्रीय गेंहू परिषद के रूप में लंदन में स्थित (IGC) का मुख्यालय है उद्योग जगत में नीति निर्माताओं को एक साथ लाने के लिए वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करता है।

**50. Which one of the following was the latest inclusion in the Intangible Cultural Heritage List of UNESCO?**
**यूनेस्को (UNESCO) की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में निम्नलिखित में से कौन-सा नवीनतम समावेश था?**

(a) Chhau dance/छऊ (छाऊ) नृत्य
(b) Durga puja/दुर्गा पूजा
(c) Garba dance/गरबा नृत्य
(d) Kumbh Mela/कुंभ मेला

**Ans.(c):** यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में वर्ष 2008 में भारत से रामलीला, सांस्कृतिक वैदिक मंत्रों का उच्चारण और कुट्टीयाट्टम संस्कृत रंगमंच को शामिल किया गया था। वर्तमान में भारत से यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में 15 अमूर्त विरासतों को शामिल किया गया है। छऊ नृत्य को वर्ष 2010 में, कुंभ मेला को वर्ष 2016 में, दुर्गा पूजा को वर्ष 2017 में और गरबा को वर्ष 2021 में (सबसे नवीनतम) इस सूची में शामिल किया गया है।

**51. The total fertility rate in an economy is defined as:**
**किसी अर्थव्यवस्था में कुल प्रजनन दर को किस रूप से परिभाषित किया जाता है?**

(a) The number of children born per 1000 people in the population in a year./एक वर्ष में जनसंख्या में प्रति 1000 व्यक्तियों पर जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या
(b) The number of children born to a couple in their lifetime in a given population./किसी दी गई जनसंख्या में एक दंपत्ति के जीवन-काल में उनसे जन्म बच्चों की संख्या
(c) The birth rate minus death rate./जन्म दर घटा मृत्यु दर
(d) The average number of live births a woman would have by the end of her child-bearing age./एक महिला की गर्भधारण आयु (चाइल्ड-बेअरिंग एज) के अंत तक उनसे जन्मे जीवित बच्चों की औसत संख्या

**Ans.(d):** किसी अर्थव्यवस्था में कुल प्रजनन दर को एक महिला की गर्भधारण आयु (चाइल्ड-बेअरिंग ऐज) के अंत तक उनसे जन्में जीवित बच्चों की औसत संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**52. Conisder the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **In India, Non-Banking Financial Companies can access the Liqudity Adjustment Facility window of the Reserve Bank of India./भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ भारतीय रिजर्व बैंक की चल-निधि समायोजन सुविधा विंडो का लाभ उठा सकती हैं।**
2. **In India, Foreign Institutional Investors can hold the Government Securities (G-Secs)./भारत में, विदेशी संस्थागत निवेशक सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) के धारक बन सकते हैं।**
3. **In India, Stock Exchanges can offer separate trading platforms for debts./भारत में, शेयर बाजार (स्टॉक एक्सचेंज) ऋणों के लिए पृथक् व्यापारिक मंच (ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) प्रदान कर सकते हैं।**



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

**Ans.(c):** तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) अर्थव्यवस्था में तरलता और धन आपूर्ति का प्रबंधन करने लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक उपकरण है। नवीनतम नियमों के अनुसार, सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को छोड़कर) और रिजर्व बैंक, मुंबई में चालू खाते रखने वाले प्राथमिक डीलरों को एलएएफ विंडो तक सीधी पहुँच की अनुमति है। वित्तीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने के बावजूद एनबीएफसी को इस सुविधा तक सीधी पहुँच नहीं है। अतः कथन (1) गलत है। भारत में, विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी के दिशा- निर्देशों में एक सीमा तक सरकारी प्रतिभूतियों के धारक बन सकते हैं। अतः कथन (2) सही है। भारत में शेयर बाजार (स्टॉक एक्सचेंज) ऋणों के लिए पृथक व्यापारिक मंच (ट्रेडिंग प्लेटफार्म) प्रदान कर सकते हैं। अतः कथन (3) सही है।

**53. In India, which of the following can trade in Corporate Bonds and Government Securities?**
**भारत में, निम्नलिखित में से कौन कार्पोरेट बॉण्डों और सरकारी प्रतिभूतियों में व्यापार कर सकते हैं?**

1. **Insurance Companies/बीमा कंपनियाँ**
2. **Pension Funds/पेंशन निधि**
3. **Retail Investors/खुदरा निवेशक**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(d):** एक सक्रिय कॉर्पोरेट बांड बाजार कई कार्य करता है। उधारकर्ताओं को बैंक वित्त का विकल्प प्रदान करने के अलावा, कॉर्पोरेट बांड दीर्घकालिक वित्त पोषण की लागत कम कर सकते हैं। बैंक आमतौर पर लंबी अवधि के ऋण देने में बाध्य होते हैं क्योंकि उनकी देनदारियां अपेक्षाकृत कम अवधि की होती हैं। एक कुशल कॉर्पोरेट बांड कम लागत और शीघ्र जारी करने के समय के साथ कॉर्पोरेट के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण का एक कुशल और लागत प्रभावी स्रोत प्रदान कर सकता है। साथ ही यह बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों और पेंशन निधियों जैसे संस्थागत निवेशकों को दीर्घकालिक वित्तीय संपत्ति भी प्रदान कर सकता है, जिससे उन्हें अपनी संपत्ति और देनदारियों की अवधि से मेल खाने में मदद कर सकता है।

**54. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

1. **Exchange-Traded Funds (ETF)**
**एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF)**
2. **Motor vehicles/मोटर वाहन**
3. **Currency swap/मुद्रा की अदला-बदली**

**Which of the above is/are considered financial instrument?**
**उपर्युक्त में से किसे/किन्हें वित्तीय लिखत (इंस्ट्रूमेंट) माना जाता है?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(d) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

**Ans.(d):** वित्तीय लिखत या उपकरण ऐसे अनुबंध हैं जो वित्तीय परिसंपत्ति, दायित्व या स्वामित्व हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये निवेशकों और उधारकर्ताओं के बीच धन के प्रवाह को सुविधाजनक बनाते हैं और इसका उपयोग निवेश, जोखिम प्रबंधन और सट्टेबाजी जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। ईटीएफ निवेश फंड होते हैं जो स्टॉक, बांड या कमोडिटी जैसे की एक बास्केट को ट्रैक करते हैं। ये शेयरों की तरह स्टॉक एक्सचेंजों पर व्यापार किये जाते हैं। इसको एक निवेशक खरीद या बेच सकता है। अतः बिन्दु (1) सही है। कार ट्रक और अन्य मोटर वाहन वित्तीय साधन नहीं हैं। इन्हें भौतिक संपत्ति माना जाता है। इन्हें खरीदा और बेंचा जा सकता है। लेकिन ये किसी दायित्व या अनुबंध का भाग नहीं हो सकते अतः बिन्दु (2) गलत है। विभिन्न मुद्राओं में नकदी प्रवाह के आदान-प्रदान के लिए दो पक्षों के बीच मुद्रा का अदला-बदली एक वित्तीय समझौता है। यह विदेशी मुद्रा जोखिम को प्रबंधित करने या मुद्रा स्थानान्तरण पर सट्टेबाजी के अनुसार देता है। अतः बिन्दु (3) सही है।

**55. With reference to the sectors of the Indian economy, consider the following pairs:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के सेक्टरों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| | Economic activity<br>आर्थिक गतिविधि | Sector<br>सेक्टर |
|---|---|---|
| 1. | Storage of agricultural produce<br>कृषि उत्पाद का भंडारण | Secondary<br>द्वितीयक |
| 2. | Dairy farm<br>डेरी फार्म | Primary<br>प्राथमिक |
| 3. | Mineral exploration<br>खनिज की खोज | Tertiary<br>तृतीयक |
| 4. | Weaving cloth<br>कपड़ा बुनाई | Secondary<br>द्वितीयक |

**How many of the pair given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(b):** भारतीय अर्थव्यवस्था के सेक्टरों के संदर्भ में सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| आर्थिक गतिविधि | सेक्टर |
|---|---|
| कृषि उत्पाद का भंडारण | तृतीयक |
| डेरी फार्म | प्राथमिक |
| खनिज की खोज | प्राथमिक |
| कपड़ा बुनाई | द्वितीयक |

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**56. Consider the following materials:**
**निम्नलिखित सामग्रियों पर विचार कीजिए—**

1. **Agricultural residues/कृषि अवशिष्ट**
2. **Corn grain/मक्का के दाने**
3. **Wastewater treatment sludge**
   **अपशिष्ट-जल शोधन अवपंक**
4. **Wood mill waste/काष्ठ मिल अवशिष्ट**

**Which of the above can be used as feedstock for producing Sustainable Aviatin Fuel?**
**उपर्युक्त में से किसका उपयोग संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में किया जा सकता है?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(c) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4
(d) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4

**Ans.(c):** संधारणीय विमानन ईंधन का उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है। संधारणीय विमानन ईंधन का उपयोग विमानों में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए किया जाता है। संधारणीय विमान ईंधन के उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में कृषि अवशिष्ट, मक्के के दाने, अपशिष्ट-जल शोधन अवपंक (स्लज) और काष्ठ मिल अपशिष्टों का उपयोग किया जाता है।

**57. With reference to physical capital in Indian economy, consider the following pairs:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था में भौतिक पूँजी के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए—**

| | **Items**<br>**वस्तु** | **Category**<br>**श्रेणी** |
|---|---|---|
| **1.** | **Farmer's plough**<br>**किसान का हल** | **Working capital**<br>**कार्यशील पूँजी** |
| **2.** | **Computer**<br>**कंप्यूटर** | **Fixed capital**<br>**स्थिर पूँजी** |
| **3.** | **Yarn used by the weaver**<br>**बुनकर द्वारा प्रयोग किया जाने वाला सूत** | **Fixed capital**<br>**स्थिर पूँजी** |
| **4.** | **Petrol**<br>**पेट्रोल** | **Working capital**<br>**कार्यशील पूँजी** |

**How many of the above pair are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक (b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन (d) All four/सभी चार

**Ans.(b):** दीर्घकालीन उत्पादन प्रक्रिया में स्थायी आधारभूत ढांचे एवं मशीनरी हेतु प्रयुक्त पूँजी को स्थिर पूँजी कहते है। अल्पकालीन समय में दिन-प्रति-दिन की उत्पादन प्रक्रिया के संचालन में युक्त पूँजी को कार्यशील पूँजी कहते है। अतः भारतीय अर्थव्यवस्था में भौतिक पूँजी के संदर्भ में सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| वस्तु | श्रेणी |
|---|---|
| किसान का हल | स्थिर पूँजी |
| कंप्यूटर | स्थिर पूँजी |
| बुनकर द्वारा प्रयोग किया जाने वाला सूत | कार्यशील पूँजी |
| पेट्रोल | कार्यशील पूँजी |

**58. Which one of the following words/phrases is most appropriately used to deonte "an interoperable network of 3D virtual worlds that can be accessed simultaneously by millions of users, who can exert property rights over virtual items"?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द/वाक्यांश का उपयोग "3D आभासी (वर्चुअल) दुनिया के एक इंटरऑपरेबल नेटवर्क, जिसे ऐसे लाखों प्रयोक्ताओं द्वारा एक साथ एक्सेस किया जा सकता है, जो आभासी (वर्चुअल) वस्तुओं पर संपत्ति के अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं" को द्योतित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रूप से किया जाता है?**

(a) Big data analytics/बिग डेटा एनालिटिक्स
(b) Cryptography/क्रिप्टोग्रॉफी
(c) Metaverse/मेटावर्स
(d) Virtual matrix/वर्चुअल मैट्रिक्स

**Ans.(c):** 3D आभसी (वर्चुअल) दुनिया के एक इंटर ऑपरेबल नेटवर्क, जिसे ऐसे लाखों प्रयोक्ताओं द्वारा एक साथ एक्सेस किया जा सकता है, जो आभासी (वर्चुअल) वस्तुओं पर संपत्ति के अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं, को द्योतिक करने के सर्वाधिक उपयुक्त शब्द मेटावर्स है।

**59. With reference to the rule/rules imposed by the Reserve Bank of India while treating foreign banks, consider the following statements:**
**विदेशी बैंकों के साथ व्यवहार करते समय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिरोपित नियम/नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

1. **There is no minimum capital requirement for wholly owned banking subisidiaries in India./भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए कोई न्यूनतम पूँजी की आवश्यकता नहीं है।**
2. **For wholly owned banking subsidiaries in India, at least 50% of the board members should be Indian nationals./भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए, बोर्ड सदस्यों के कम-से-कम 50% भारतीय नागरिक होने चाहिए।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(d):** भारत में स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए न्यूनतम पूँजी आवश्यकता 5 बिलियन रूपये निर्धारित है। यह भारत में सहायक कंपनी स्थापित करने वाले नए विदेशी बैंकों और शाखा उपस्थिति वाले मौजूदा विदेशी बैंकों दोनों

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

पर लागू होता है जो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी में परिवर्तित होना चाहते हैं। अतः कथन (1) गलत है। भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों के लिए, बोर्ड सदस्यों के कम-से-कम 50 प्रतिशत भारतीय नागरिक होने चाहिए। अतः कथन (2) सही है।

**60. With reference to Corporate Social Responsibility (CSR) rules in India, consider the following statements:**
**भारत में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **CSR rules specify that expenditures that benefit the company directly or its employees will not be considered as CSR activities.**
   **CSR नियम विनिर्दिष्ट करते हैं कि सीधे कंपनी अथवा इसके कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने वाले व्यय को CSR कार्यकलापों के रूप में नहीं माना जाएगा।**
2. **CSR rules do not specify minimum spending on CSR activities.**
   **CSR नियम CSR कार्यकलापों पर होने वाले न्यूनतम व्यय को विनिर्दिष्ट नहीं करते हैं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(a):** कोर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का उद्देश्य समाज को लाभ पहुँचाना है न कि किसी कंपनी या व्यक्ति को। कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII उन गतिविधियों को इंगित करती है जिन्हें सीएसआर के रूप में किया जा सकता है जो मोटे तौर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण, खेल, विरासत, कला और संस्कृति, ग्रामीण विकास, मलिन बस्ती विकास, राहत सहित आपदा प्रबंधन से संबंधित हैं पुनर्वास और पुनर्निर्माण गतिविधियाँ वृद्धाश्रमों की स्थापना, डे केयर सेंटर, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों द्वारा सामना की जाने वाली असमानताओं को कम करने के उपाय आदि। अतः कथन (1) सही है। कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाली कंपनियों को तीन वर्षों में अपने औसत शुद्ध लाभ का न्यूनतम 2 प्रतिशत सीएसआर पर खर्च करना होगा। अतः कथन (2) गलत है।

**61. With reference to radioisotope thermoelectic generators (RTGs), consider the following statements:**
**विकिरण समस्थानिक ताप-वैद्युत जेनरेटरों (RTGs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **RTGs are miniature fission reactors.**
   **RTGs लघु विखंडन रिएक्टर हैं।**
2. **RTGs are used for powering the onboard systems of spacecrafts.**
   **RTGs का प्रयोग अंतरिक्षयानों के ऑन-बोर्ड प्रणालियों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए होता है।**
3. **RTGs can use Plutonium-238, which is a by-product of weapons development.**
   **RTGs में प्लूटोनियम-238 का उपयोग किया जा सकता है, जो शस्त्र विकास का एक उपोत्पाद है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(b):** विकिरण समस्थानिक ताप-वैद्युत जेनरेटर (आरटीजी) थर्मोकपल का उपयोग करके रेडियोधर्मी क्षय से उष्मा को विद्युत में परिवर्तित करते हैं। ये अंतरिक्षयानों और दूरस्थ स्थापित संयंत्रों को दशकों तक विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। आरटीजी उन अभियानों के लिए प्रयोग किया जाता है जहाँ सौर ऊर्जा अव्यवहारिक है। आरटीजी कोई लघु विखंडन रियेक्टर नहीं है। अतः कथन (1) गलत और (2) सही है। आरटीजी में प्लूटोनियम-238 का उपयोग किया जा सकता है। प्लूटोनियम-238 का उपयोग थर्मोकपल द्वारा विद्युत उत्पादन में किया जाता है। अतः कथन (3) सही है।

**62. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I : Giant stars live much longer than dwarf stars.**
**कथन-I : बृहत तारे वामन तारों की तुलना में अधिक समय तक अस्तित्व में बने रहते हैं।**

**Statement-II: Compared to dwarf stars, giant stars have a greater rate of nuclear reactions.**
**कथन-II : वामन तारों की तुलना में, बृहत तारों में नाभिकीय अभिक्रियाओं की उच्चतर दर होती है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-I are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans.(d):** वृहत तारों का जीवनकाल वास्तव में बौने तारों की तुलना में कम होता है। वृहत तारों की तुलना में कम होता है। वृहत तेजी से जलते हैं जिससे इनका जीवनकाल कम हो जाता है। अतः कथन (1) गलत है। वृहत तारों का कोर उनके अधिक द्रव्यमान के कारण अधिक गर्म और सघन होता हैं। परिणामस्वरूप, वामन तारों की तुलना में, वृहत तारों में नाभकीय अभिक्रियाओं की उच्चतर दर होती है। अतः कथन (2) सही है।

**63. Which one of the following is synthesised in human body that dilates blood vessels and increases blood flow?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव शरीर में संश्लेषित होता है, जो रक्त वाहिकाओं को विस्फारित करता है और रक्त प्रवाह को बढ़ाता है?**
(a) Nitric oxide/नाइट्रिक ऑक्साइड
(b) Nitrous oxide/नाइट्रस ऑक्साइड
(c) Nitrogen dioxide/नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
(d) Nitrogen pentoxide
नाइट्रोजन पेंटऑक्साइड (पेंटॉक्साइड)

**Ans.(a):** मानव शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड (NO) संश्लेषित होता है और वासोलिडेशन (वाहिका प्रसरण) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ता है। शरीर नाइट्रिक आक्साइड सिंथेज (एनओएस) एन्जाइम का उपयोग करके अमीनों एसिड एल-आर्जिनिन से नाइट्रिक आक्साइड का उत्पादन करता है। नाइट्रिक आक्साइड (NO) संश्लेषण का प्राथमिक स्थल रक्त वाहिकाओं (एंडोथेलियन) की आंतरिक परत है, हालांकि अन्य कोशिका प्रकार भी इसके उत्पादन में योगदान करते हैं। नाइट्रोजन आक्साइड (NO) एक शक्तिशाली बैसोडिलेटर के रूप में कार्य करता है, जो धमनियों में संवहनी चिकनी मांसपेशियों को आराम देता है। यह फैलाव (dilation) रक्त प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे समग्र हृदय स्वास्थ्य को लाभ होता है। यह एक न्यूरोट्रांसमीटर के रूप में भी काम करता है और न्यूरोनल गतिविधि एवं सीखने सहित विभिन्न कार्यों में शामिल होता है।

**64. Consider the following activities:**
**निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिए–**
1. **Identification of narcotics on passengers at airports on in aircraft/विमानपत्तनों अथवा विमानों में यात्रियों के पास मौजूद स्वापक पदार्थो (नार्कोटिक्स) की पहचान**
2. **Monitoring of precipitation**
**वर्षण का मॉनीटरन**
3. **Tracking the migration of animals**
**पशुओं के प्रवास पर नजर रखना (ट्रैकिंग)**

**In how many of the above activities can be radars be used?**
**उपर्युक्त में से कितनी गतिविधियों में रेडारों का उपयोग किया जा सकता है?**
(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(b):** रडार का उपयोग वर्षा की निगरानी के लिए किया जाता है, इसका उपयोग आम तौर पर यात्रियों पर नशीले पदार्थ की पहचान करने या जानवरों के प्रवास को ट्रैक करने के लिए किया जाता है। नशीले पदार्थो की पहचान करने के लिए एक्स रे स्कैनर, रासायनिक पहचान विधियों और प्रशिक्षित कुत्तों का उपयोग किया जाता है जानवरों के प्रवास को जीवित एस ट्रैकिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसी विधियों का उपयोग करके ट्रैक करके ट्रैक किया जाता है।

**65. Consider the following aircraft:**
**निम्नलिखित विमानों पर विचार कीजिए–**
1. **Rafael/राफेल**
2. **MiG-29/मिग-29**
3. **Tejas MK-1/तेजस MK-1**

**How many of the above are considered fifth generation fighter aircraft?**
**उपर्युक्त में से कितने पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान माने जाते हैं?**
(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(d):** • पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में 21वीं सदी के पहले चरण के दौरान विकसित प्रमुख प्रौद्योगिकियां शामिल है, जिनमें आम तौर पर स्टील्थ, सुपर क्रूज़, सुपर सोनिक क्रूज़ जैसी उन्नत विशेषताएं हैं। पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के उदाहरण में लॉकहीड मॉर्टिन एफ-22 रैप्टर, लॉकहीड मॉर्टिन एफ-35 लाइटनिंग, चेंगदू J-20 और सुखोई Su-57 शामिल है।
• राफेल फ्रांस द्वारा विकसित, तथा मिग-29 रुस द्वारा विकसित चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। तेजस एम के-I एक स्वदेशी भारतीय लड़ाकू विमान है। यह भी चौथी पीढ़ी के अन्तर्गत आता है।

**66. In which of the following are hydrogels used?**
**निम्नलिखित में से किनमें हाइड्रोजेलों का प्रयोग होता है?**
1. **Controlled drug delivery in patients**
**रोगियों में नियंत्रित औषधि डिलीवरी**
2. **Mobile air-conditioning systems**
**चल वातानुकूलन प्रणाली**
3. **Preaparation of industrial lubricants**
**औद्योगिक स्नेहकों का विरचन**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**
(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(a):** हाइड्रोजेल जल-अवशोषक, क्रास लिंक्ड पॉलिमर नेटवर्क है जो बड़ी मात्रा में पानी धारण कर सकते है। यह नियंत्रित दवा वितरण प्रणालियों में व्यापक रुप से उपयोग किया जाता है क्योंकि यह दवाओं को समाहित (encapsulate) कर सकता है और उन्हें समय के साथ नियंत्रित तरीके से रिलीज कर सकता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- हाइड्रोजेल का उपयोग मोबाइल एयर कंडीशनिंग (चल वातानुकूलन प्रणाली) सिस्टम में किया जा सकता है। वे नमी को अवशोषित (Absorb) और छोड़ (Release) सकते हैं, जो आर्द्रता नियंत्रण में उपयोगी हो सकता है जो कि एयर कंडिशनिंग का एक महत्वपूर्ण पहलू है।
- हाइड्रोजेल का उपयोग औद्योगिक स्नेहक में उनके गुणों को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। जैसे घर्षण और घिसाव को कम करना, चिपचिपाहट को नियंत्रित करना और थर्मल स्थिरता में सुधार करना।

**67. Which one of the following is the exhaust pipe emission from Fuel Cell Electric Vehicles, powered by hydrogen?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा हाइड्रोजन द्वारा चालित फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहनों से निकलने वाला निर्वातक नली उत्सर्जन है?**

(a) Hydrogen peroxide
हाइड्रोजन परऑक्साइड (परॉक्साइड)
(b) Hydronium/हाइड्रोनियम
(c) Oxygen/ऑक्सीजन
(d) Water vapour/जल-वाष्प

**Ans.(d):** ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन (FCEV) हाइड्रोजन द्वारा संचालित होते हैं। वे पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन वाहनों की तुलना में अधिक कुशल हैं और कोई हानिकार टेलपाइप उत्सर्जन (tailpipe emission) नहीं करते हैं। वे केवल जलवाष्प और गर्म हवा उत्सार्जित करते हैं। FCEV केवल जलवाष्प का उत्सर्जन करते हैं जिससे वे स्थानीय स्तर पर उत्सर्जन मुक्त हो जाते हैं और शहरों में स्वच्छ हवा हेतु योगदान करते हैं।

**68. Recently, the term "pumped-storage hydropower" is actually and appropriately discussed in the context of which one of the following?**
**हाल ही में, "पंप्ड-स्टोरेज हाइड्रोपॉवर" शब्द की वास्तव में और समुचित रूप से निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में चर्चा की गई है?**

(a) Irrigation of terraced crop fields
सीढ़ीदार खेतों की सिंचाई
(b) Lift irrigation of cereal crops
धान्य (अनाज) फसलों की उत्थान सिंचाई
(c) Long duration energy storage
दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण
(d) Rainwater harvesting system
वर्षा-जल संचयन प्रणाली

**Ans.(c):** शब्द "पंप-स्टोरेज हाइड्रो पावर" लम्बी अवधि के ऊर्जा भंडारण से संबंधित है। पंप स्टोरेज हाइड्रो पावर (PSH) एक प्रकार का हाइड्रो इलेक्ट्रिक ऊर्जा भण्डार है। यह अलग-अलग ऊँचाई पर दो जल भण्डारों का एक विन्यास है जो एक टरबाइन से गुजरते हुए एक से दूसरे में पानी के नीचे जाने (डिस्चार्ज) के दौरान बिजली उत्पन्न कर सकता है। सिस्टम को बिजली की भी आवश्यकता होती है क्योंकि यह पानी को ऊपरी जलाशय में वापस पंप करता है। PSH एक विशाल बैटरी के समान कार्य करता है। क्योंकि यह बिजली को स्टोर कर सकता है और फिर जरूरत पड़ने पर उसे रिलीज कर सकता है।

**69. "Membrane Bioreactors" are often discussed in the context of:**
**"मेम्ब्रेन बायोरिऐक्टरों" की चर्चा प्रायः किस संदर्भ में की जाती है?**

(a) Assisted reproductive technologies
सहायता प्राप्त प्रजनन प्रौद्योगिकियाँ
(b) Drug delivery nanotechnologies
औषधि डिलीवरी नैनो-प्रौद्योगिकियाँ
(c) Vaccine production technologies
टीका (वैक्सीन) उत्पादन प्रौद्योगिकियाँ
(d) Wastewater treatment technologies
अपशिष्ट-जल शोधन प्रौद्योगिकियाँ

**Ans.(d):** मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर (MBR) नगरपालिका और औद्योगिक अपाशिष्ट जल उपचार के लिए कुशल कॉम्पैक्ट तकनीक है। यह तकनीक अपशिष्ट जल प्रदूषकों को कुशलता पूर्वक हटाने के लिए मेम्ब्रेन फिल्ट्रेशन के साथ जैविक उपचार (सूक्ष्म जीवों को उपयोग करके) विधि को अपनाती है। इसमें मेम्ब्रेन अवरोधों के रूप में कार्य करती है, जो निलंबित ठोस पदार्थो और सूक्ष्म जीवों को बनाए रखते हुए स्वच्छ पानी को गुजरने देती है। घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट जल का उपचार करने हेतु मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

**70. With reference to the Indian economy, "Collateral Borrowing and Lending Obligations" are the instruments of:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, "संपार्श्विकीकृत उधार लेन-देन संबंधी दायित्व" निम्नलिखित में से किसके लिखत (इंस्ट्रूमेंट) हैं?**

(a) Bond market/बॉण्ड बाजार
(b) Forex market/विदेशी मुद्रा बाजार
(c) Money market/मुद्रा बाजार
(d) Stock market/शेयर (स्टॉक) बाजार

**Ans.(c):** संपार्श्विकीकृत उधार और ऋण दायित्व (CBLO) शब्द की चर्चा मुद्रा बाजार इन्स्ट्रूमेन्ट के संदर्भ में की जाती है। CBLO ऋण के नियमों और शर्तो के संबंध में उधार कर्त्ता और ऋणदाता के बीच एक दायित्व का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक अल्पकालिक उपकरण है जो मुख्य रूप से भारत के वित्तीय बाजारों में पूरी तरह से संपार्श्विक वातावरण में उधार लेने और उधार देने की सुविधा प्रदान करता है।

**71. The organisms "Cicada, Froghopper and Pond skater" are:**
**जीव "सिकाडा" (साइकेडा), मंडूकफुदक (फ्रॉगहॉपर) और ताल-विसर्पी (पाँड स्केटर)" क्या हैं?**

(a) Birds/पक्षी (b) Fish/मत्स्य
(c) Insects/कीट (d) Reptiles/सरीसृप

**Ans.(c):**
- फ्रॉगहॉपर दुनियां भर में फैले हुए छोटे कूदने वाले कीटों की कई प्रजातियों में से एक है, जो एक झागदार पदार्थ का उत्पादन करता है जिसे स्पिटल कहा जाता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- सिकाडा (साइकेडा) सुपर फेमिली सिकाडोइडिया का सदस्य है। यह अपनी मजबूत शरीर, चौड़े शिर, स्पष्ट झिल्लीदार पंख और बड़ी मिश्रित आंखों से पहचाना जाता है। यह कई वर्षों तक पूरी तरह से गायब रहने की अपनी प्रवृत्ति के लिए प्रसिद्ध है। यह केवल नियमित अंतराल पर ही प्रकट होता है। कई संस्कृतियों ने इन कीटों को उनके असामान्य जीवन चक्र के कारण पुनर्जन्म के शक्तिशाली प्रतीक के रूप में माना है।
- ताल-विसर्पी (पॉड-स्केटर) एक छोटा पतला काले-भूरे रंग का कीट है। यह तालाब में स्केटिंग करने के लिए अपने लंबे पतले पैरों का उपयोग करता है। ताल-विसर्पी अथवा तालाब स्केटर्स के नुकीले मुंह वाले हिस्सों और उनके सबसे छोटे अंग लिम्ब का उपयोग पानी की सतह पर पाए जाने वाले छोटे कीड़ों का शिकार करने के लिए किया जाता है।

**72. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: Many chewing gums found in the market are considered a source of environmental pollution.**
**कथन-I: बाजार में मिलने वाली अनेक च्यूइंग गम पर्यावरणीय प्रदूषण का स्रोत मानी जाती हैं।**

**Statement-II: Many chewing gums contain plastic as gum base.**
**कथन-II: अनेक च्यूइंग गमों में गोंद (गम बेस) के रूप में प्लास्टिक होता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है किंतु, कथन-II सही नहीं है

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(a):** बाजार में मिलने वाले अनेक च्यूइंग गम पर्यावरणीय प्रदूषण का स्रोत माने जाते हैं क्योंकि अनेक च्यूइंग गमों में गोंद (गम बेस) के रूप में प्लास्टिक होता है। च्यूइंग गम मूलतः स्वाद और रंगों से युक्त प्लास्टिक है। यह अपाच्य और पानी में अघुलनशील है, जिससे इसे बिना टूटे लगातार चबाया जा सकता है। व्यवसायिक रूप से च्यूइंग गम का उत्पादन सिंथेटिक गम बेस के आधार पर किया जाता है जो गैर-बायोडिग्रेडेबल होता है। जिसका अवशेष पर्यावरण में लम्बे समय तक बना रहता है और एक खतरनाक पर्यावरणीय प्रदूषण माना जाता है।

**73. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| | Country/देश | Animal found in its natural habitat<br>अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाने वाला जंतु |
|---|---|---|
| 1. | Brazil/ब्राजील | Indri/इंड्री |
| 2. | Indonesia/इंडोनेशिया | Elk/एल्क |
| 3. | Madagascar<br>मेडागास्कर | Bonobo/बोनोबो |

**How many of the pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक (b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन (d) None/कोई नहीं

**Ans.(d):**
- इंड्री को जीवित लेमुर प्रजातियों में सबसे बड़ा माना जाता है। यह मेडागास्कर की स्थानिक प्रजाति है। यह ईंधन, लकड़ी की प्राप्ति और स्लेश एण्ड-बर्न कृषि किए जाने के कारण अपने वर्षावन निवास स्थान को खो रहा है।
- एल्क खुले क्षेत्रों जैसे दलदली घास के मैदानों, नदी के समतल क्षेत्रों से लेकर स्पेन के पार्कलैंड व शंकुधारी बनो तक विभिन्न प्रकार के आवासों में निवास करते हैं। ये मुख्य रूप से पश्चिमी उत्तरी अमेरिका में पाए जाते हैं, विशेष रूप से पहाड़ी इलाकों जैसे व्योमिंग के नेशनल एल्क रिफ्यूज और येलोस्टोन नेशनल पार्क में।
- बोनोबो वानर की एक प्रजाति है जो केवल कांगोलोकतांत्रिक गणराज्य में कांगों नदी के दक्षिणी तट के निचले वर्षा वनों में पाई जाती है।

**74. Consider the following statements regarding World Toilet Organization:**
**विश्व शौचालय संगठन (वर्ल्ड टॉयलेट ऑर्गनाइजेशन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **It is one of the agencies of the United Nations./यह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में से एक है।**
2. **World Toilet Summit, World Toilet Day and World Toilet College are the initiatives of this organization, to inspire action to tackle the global sanitation crisis.**
**वैश्विक स्वच्छता संकट के समाधान पर कार्रवाई हेतु प्रेरित करने के लिए विश्व शौचालय शिखर सम्मेलन, विश्व शौचालय दिवस और विश्व शौचालय कॉलेज इस संगठन की पहल हैं।**
3. **The main focus of its function is to grant funds to the least developed countries and developing countries to achieve the end of open defecation.**
**इसके कार्यों का मुख्य लक्ष्य कम विकसित देशों और विकासशील देशों को खुले में शौच की समाप्ति के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निधि प्रदान करना है।**

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?**

(a) 2 only/केवल 2 (b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 2/1 और 2 (d) 2 and 3/2 और 3

**Ans.(a):** विश्व शौचालय संगठन (WTO) एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है जो दुनियां भर में शौचालय और स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। इसकी स्थापना 19 नवम्बर 2001 को हुई थी। WTO ने 2001 में विश्व शौचालय दिवस और विश्व शिखर सम्मेलन और 2005 में वर्ल्ड्स टॉयलेट कालेज की स्थापना की। अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से WTO शौचालय संघो, सरकारों, शैक्षणिक संस्थानों, फाउंडेशनों के लिए एक अतंर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। इसे 2013 में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के साथ परामर्शदात्री का दर्जा दिया गया था। खुले में शौच की समाप्ति के लिए अल्पविकसित देशों और विकासशील देशों को धन देना WTO का मुख्य लक्ष्य नहीं है।

**75. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. **Lions do not have a particular breeding season./सिंह की कोई विशेष प्रजनन ऋतु नहीं होती है।**
2. **Unlike most other big cats, cheetahs do not roar./अधिकांश अन्य बड़ी बिल्लियों से भिन्न, चीता दहाड़ता नहीं है।**
3. **Unlike male lions, male leopards do not proclaim their territory by scent marking./नर सिंह से भिन्न, नर तेंदुए गंध चिह्न द्वारा अपना क्षेत्र घोषित नहीं करते हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(a):**

- शेरों में प्रजनन की कोई विशेष ऋतु नहीं होती है। शेर लगभग 26 महीने की उम्र में यौन रूप से परिपक्व हो जाते हैं लेकिन चार या पांच साल की उम्र से पहले प्रजनन करने की संभावना नहीं होती है।
- चीते के वॉयस बॉक्स की हड्डियां एक निश्चित संरचना बनाती हैं जिसमें विभाजित वोकल कार्ड होते हैं जो सांसों के साथ (अंदर और बाहर) दोनों कंपन करते हैं। यह संरचना सभी छोटी बिल्लियों के लिए समान होती है। हालांकि यह डिजाइन इन बिल्लियों को लगातार गुर्राने (Purr) में सक्षम बनाता है। यह अन्य ध्वानियों की सीमा को सीमित करता है और उन्हें दहाड़ने (roar) से रोकता है।
- तेंदुआ (नर और मादा दोनों) अपने क्षेत्र को चिह्नित करने के लिए मूत्र का उपयोग करता है। अक्सर नर तेंदुआ मूत्र विसर्जन करने के बाद मूत्र की गंध को अपने पैरों में लगाने के लिए जमीन को कुरेदता है तथा पैर में लगी गंध को प्रादेशिक सीमा पर गश्त के दौरान ले जाता है। तेंदुआ अपने क्षेत्र में चलते समय वनस्पतियों पर अपनी गर्दन चेहरा आदि रगड़ते हुए चलता है।
- शेर दहाड़कर और गंध का निशान लगाकर अपने क्षेत्र की घोषणा करते हैं। उनकी विशिष्ट दहाड़ आमतौर पर रात के शिकार से पहले शाम को और फिर सुबह उठने से पहले सुनाई देती है। नर झाड़ियों, पेड़ों या जमीन पर पेशाब करके एकतीखी गंध छोड़ कर अपनी उपस्थिति का संकेत देते हैं।

**76. Which one of the following is the correct description of "100 Million Farmers"?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा "100 मिलियन किसानों" का सही विवरण है?**

(a) It is a platform for accelerating the transition towards food and water systems that are net-zero (carbon), nature-positive and that aims to increase farmer resilience./यह नेट-शून्य (कार्बन), प्रकृति-सकारात्मक खाद्य और जल प्रणालियों की ओर संक्रमण को तेज करने के लिए एक मंच है जिसका लक्ष्य किसानों की पुनरुत्थानशीलता में वृद्धि करना है।

(b) It is an international alliance and a network of individuals and farming organisations interested in supporting and strengthening the development of the organic animal husbandary./यह जैविक पशुपालन के विकास को सहायता देने एवं सशक्त करने में इच्छुक व्यक्तियों और कृषि संगठनों का एक नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन है।

(c) Ir is a digital platform fully integrated with service providers and built on blockchain that lets buyers, sellers and third parties trade fertilizers quickly and securely./यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो पूरी तरह से सेवा प्रदाताओं के साथ एकीकृत है और ब्लॉक-चेन पर निर्मित है, जो क्रेताओं, विक्रेताओं और तीसरे पक्षकारों को शीघ्र और सुरक्षित रूप से उर्वरकों का व्यापार करने की सुविधा प्रदान करता है।

(d) It is a platform with the mission of encouraging the farmers to form Farmer Product Organisations or Agribusiness Consortiums, thus facilitating the access to global open markets to sell their products./यह एक मंच है जिसका ध्येय किसानों को कृषक उत्पाद संगठनों अथवा कृषि-व्यवसाय संघ बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें उनके उत्पादों को बेचने के लिए वैश्विक खुले बाजारों में पहुँच प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।

**Ans.(a):** "100 मिलयन फार्मर्स" एक ऐसा मंच है जो खाद्य और किसानों को वैश्विक जलवायु और प्रकृति एजेन्डे के केन्द्रीय स्तंभों के रूप में स्थापित करने तथा जलवायु एवं प्रकृति के अनुकूल कृषि प्रथाओं को बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए निजी और सार्वजनिक नेताओं की सहायता करता है। यह नेट-शून्य (कार्बन), प्रकृति-सकारात्मक खाद्य और जल प्रणालियों की ओर संक्रमण को तेज करने के लिए एक मंच है जिसका लक्ष्य किसानों की पुनरुत्थानशीलता में वृद्धि करना है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**77. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

1. **Battery storage/बैटरी भंडारण**
2. **Biomass generators/बायोमास जेनरेटर**
3. **Fuel cells/ईंधन सेल**
4. **Rooftop solar photovoltaic units/रूफटॉप सौर प्रकाश-वोल्टीय यूनिट**

**How many of the above are considered "Distributed Energy Resources"?**
**उपर्युक्त में से कितने ''वितरित ऊर्जा संसाधन'' माने जाते हैं?**

(a) Only one/केवल एक (b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन (d) All four/सभी चार

**Ans.(d):** वितरित ऊर्जा संसाधन के उदाहरण जिन्हें स्थापित किया जा सकता है, उनमें शामिल है-

1. छत पर सौर फोटोवोल्टिक इकाइयाँ
2. विंड जेनरेटिंग यूनिट्स
3. बैटरी भंडारण
4. इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी का उपयोग बिजली को ग्रिड में वापस निर्यात करने के लिए
5. संयुक्त ताप और बिजली इकाइयाँ या ट्राई-जेनेरेशन यूनिट्स जो अपशिष्ट ऊष्मा (Waste Heat) का उपयोग शीतलन के लिए करती है।
6. बायोमास जेनरेटर जो अपशिष्ट गैस या औद्योगिक व कृषि उप-उत्पादों से संचालित होते हैं।
7. खुले और बंद चक्र वाले गैस टरबाइन
8. प्रत्यावर्ती इंजन (डीजल, तेल)
9. हाइड्रो एवं मिनी हाइड्रो स्कीम
10. ईंधन सेल।

**78. Which one of the following shows a unique relationship with an insect that has coevolved with it and that is the only insect that can pollinate this tree?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष, एक ऐसे कीट के साथ एक अद्वितीय संबंध को दर्शाता है, जो इस वृक्ष के साथ सह-विकसित हुआ है और वह एकमात्र कीट है जो इस पेड़ को परागित कर सकता है?**

(a) Fig/अंजीर
(b) Mahua/महुआ
(c) Sandalwood/चंदन
(d) Silk cotton/सेमल (सिल्क कॉटन)

**Ans.(a):** बरगद का अंजीर का पेड़ (The banyan fig tree) अपनी हवाई जड़ों (aerial roots) के लिए प्रसिद्ध है, जो शाखाओं से निकलती है और अंततः मिट्टी तक पहुँचती हैं। पेड़ का एक कीट ततैया (Wasps) के साथ भी अनोखा रिश्ता है जो इसके साथ विकसित हुआ है और यह एक मात्र कीट है जो इसे परागित कर सकता है। अंजीर और ततैया के बीच का रिश्ता भी एक पेचीदा वैज्ञानिक चुनौति पेश करता है। ततैया के शरीर की आकृति और आकार अंजीर के फलों के बिल्कुल अनुरूप होते हैं और अंजीर की प्रत्येक प्रजाति अपने विशिष्ट ततैया परागणकर्त्ता को आकर्षित करने के लिए एक अद्वितीय इत्र का उत्पादन करती है।

**79. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

1. **Butterflies/तितली**
2. **Fish/मत्स्य**
3. **Frogs/मंडूक (मेंढक)**

**How many of the above have poisonous species among them?**
**उपर्युक्त में से कितनों में विषाक्त जातियाँ हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(c):**

- तितिलियाँ अक्सर कैटरपिलर के रूप में अपने मेजबान (Hosts) पौधों को खाते समय जहरीले रसायनों को खाती हैं और संग्रहित करती है। कई तितिलियाँ जीवित रहने के लिए जहर का उपयोग करती हैं और अपने अंडों को शिकारियों से बचाने के लिए एक विशिष्ट कलर (लीव मी अलोन) के साथ अपनी हानिकारकता का विज्ञापन करती हैं। अमेरिका की हेलिकोनियन बटरफ्लाई जिसे लांगविन्स कहा जाता है, शिकारी से अपने अंडों को बचाने के लिए सायनाइड छोड़ती है।
- पफरफिश (pufferfish) सबसे जहरीली मछली है जो टेट्राओडोन्टिफोर्मेस क्रम की समुद्री और मुहाना मछली का एक परिवार है। स्टोनफिश के पृष्ठीय भाग पर विषैले कांटे होते हैं। इनसे निकले विष दर्द, सूजन ऊतक क्षति और कुछ मामलों में, अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो मृत्यु का कारण बन सकते है।
- मेढ़क की कई प्रजातियां जहरीली मानी जाती हैं। हालांकि वर्तमान में मुख्य रूप से केवल दो प्रजातियां जहरीली मानी जाती है- ब्रूनों का कास्क-हेडड फ्राग (अपरास्फेनोडोन ब्रूनोई) और ग्रीनिंग का मेढ़क (कोरिथोमैंटिस)। दोनों ब्राजील में पाए जाते है।

**80. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

1. **Cashew/काजू**
2. **Papaya/पपीता**
3. **Red sanders/रक्त चंदन**

**How many of the above trees are actually native to India?**
**उपर्युक्त में से कितने वृक्ष वास्तव में भारत के देशीय वृक्ष हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(a):**

- काजू उत्तरपूर्वी ब्राजील का मूल निवासी (native) है। 16वीं शताब्दी के अंत में पुर्तगाली मिशनरी इसे पूर्वी अफ्रीका और भारत ले गये, जहाँ समुद्र तट के पास कम ऊँचाई पर यह प्रचुर मात्रा में उगाया गया।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- पपीता की उत्पत्ति दक्षिणी मेक्सिको, मध्य अमेरिका और उत्तरी दक्षिण अमेरिका से हुई है। अब इसकी खेती अधिकांश उष्णकटिबंधीय देशों में की जाती है। भारत में पपीते की खेती उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, केरल कर्नाटक, मध्य-प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्यों में की जाती है। यह गोवा में व्यवसायिक खेती के लिए एक संभावित फल की फसल है।
- रक्त चंदन (रेड सैंडर्स) एक भारतीय स्थानिक वृक्ष प्रजाति है, जिसकी पूर्वी घाट में सीमित भौगोलिक सीमा है। आन्ध्र प्रदेश की मूल प्रजाति के रूप में रेड सैंडर्स का उपयोग और व्यापार राज्य द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

**81. Consider the following airports:**
**निम्नलिखित विमानपत्तनों पर विचार कीजिए–**

1. **Donyi Polo Airport/डोनी पोलो विमानपत्तन**
2. **Kushinagar International Airport कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन**
3. **Vijayawada International Airport विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन**

**In the recent past, which of the above have been constructed as Greenfield projects?**
**हाल ही में, उपर्युक्त में से किनका निर्माण नवीन (ग्रीनफील्ड) परियोजनाओं के रूप में किया गया है?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(a):** डोनी पोलो हवाई अड्डा (ईटानगर) अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीन-फील्ड हवाई अड्डा है। हवाईअड्डा टर्मिनल एक आधुनिक इमारत है जो ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधनों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देती है। भारत सरकार ने 21 नए ग्रीनफिल्ड हवाई अड्डों के लिए 'सैद्धान्तिक' मंजूरी दे दी है, जिनमें गोवा में मोया, महाराष्ट्र में नवी मुम्बई, शिरडी और सिंधु दुर्ग, कर्नाटक में कालबुर्गी, विजयपुरा, हसन और शिवमोग्मा, मध्य प्रदेश में डबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और हीरासर, पुदुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगदरथी, भोगापुरम और ओरवाकल (कुर्नुल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग, केरल में कन्नूर और अरुणाचल प्रदेश में होल्लोंगी (ईटानगर) शामिल है। इनमें से II ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे अर्थात दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर , पाक्योंग, कालबुर्गी, ओरवाकल (कुर्नुल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर, मोपा और शिवमोग्गा को चालू कर दिया गया है।

**82. With reference to ''water vapour'', which of the following statements is/are correct?**
**''जल वाष्प'' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

1. **It is a gas, the amount of which decreases with altitude./यह एक गैस है, जिसकी मात्रा ऊँचाई के साथ घटती है।**
2. **Its percentage is maximum at the poles. ध्रुवों पर इसका प्रतिशत अधिकतम है।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(a):** जलवाष्प वायुमंडल में एक परिवर्तनशील गैस है, जो ऊँचाई के साथ घटती जाती है। गर्म और गीले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में यह आयतन (मात्रा) के हिसाब से हवा का चार प्रतिशत हो सकती है। जबकि रेगिस्तानी और ध्रुवीय क्षेत्रों के शुष्क और ठंडे क्षेत्रों में यह हवा के एक प्रतिशत से भी कम हो सकती है। भूमध्यरेखा से ध्रुवों की ओर जलवाष्प घटता जाता है।

**83. Consider the following description:**
**निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिए–**

1. **Annual and daily range of temperatures is low./तापमानों की वार्षिक और दैनिक सीमा (रेंज) निम्न है।**
2. **Precipitation occurs throughout the year./वर्ष भर वर्षण होता है।**
3. **Precipitation varies between 50 cm - 250 cm./वर्षण में भिन्नता 50 cm - 250 cm के मध्य होती है।**

**What is this type of climate?**
**यह किस प्रकार की जलवायु है?**

(a) Equatorial cliamte/विषुवतीय जलवायु
(b) China type climate/चीन प्रकार जलवायु
(c) Humid subtropical climate आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु
(d) Marine West coast climate समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु

**Ans.(d):** समुद्री पश्चिमी तटीय जलवायु महाद्वीपों के पश्चिमी तट पर भूमध्य सागरीय जलवायु से ध्रुवों की ओर स्थित है। समुद्री प्रभाव के कारण तापमान मध्यम होता है। और सर्दियों में यह अपने अक्षांश की तुलना में अधिक गर्म होता है। गमियों के महीने में औसत तापमान 15ºC-20ºC और सर्दियों में 4º-10ºC के बीच रहता है। तापमान की वार्षिक और दैनिक रेन्ज छोटी होती है। वर्षा वर्ष भर होती रहती है। वर्षण में भिन्नता 50 से 250 सेमी के मध्य होती है।

**84. With reference to ''Coriolis force'', which of the following statements is/are correct?**
**''कोरिऑलिस बल'' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

1. **It increses with increase in wind velocity./यह पवन वेग की वृद्धि के साथ बढ़ता है।**
2. **It is maximum at the poles and is absent at the equator./यह ध्रुवों पर सर्वाधिक है और भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर विद्यमान नहीं होता है।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग का उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans.(c):** कोरिऑलिस बल भूमध्य रेखा से ध्रुव की ओर, पृथ्वी की घूर्णन गति में कमी की दर का अनुपात है। पृथ्वी की घूर्णन गति भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक बढ़ती दर से घटती जाती है। भूमध्य रेखा के पास निचले अक्षांशों में, घूर्णन गति कम दर से बढ़ती है, परिणामस्वरूप कोरिऑलिस बल कमजोर होता है। उच्च अक्षांशों में घूर्णन गति अधिक दर से कम हो जाती है, परिणाम स्वरूप कोरिऑलिस बल मजबूत होता है। यह ध्रुवों पर अधिकतम होता है तथा भूमध्य रेखा पर अनुपस्थित होता है। कोरिऑलिस बल चलती वस्तु जैसे हवा के वेग के सीधे समानुपातिक हैं। हवा के वेग अधिक होने पर विक्षेपण अधिक होता है।

**85. On June 21 every year, which of the following latitude(s) experience(s) a sunlight of more than 12 hours?**
**प्रत्येक वर्ष 21 जून को, निम्नलिखित में से किस अक्षांश/किन अक्षांशों पर 12 घंटे से अधिक समय तक सूर्य का प्रकाश विद्यमान रहता है?**

**1. Equator/भूमध्यरेखा (इक्वेटर)**
**2. Tropic of Cancer/कर्क रेखा**
**3. Tropic of Capricorn/मकर रेखा**
**4. Arctic Circle/उत्तर ध्रुवीय (आर्कटिक) वृत्त**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) 3 only 4/3 और 4
(d) 2 and 4/2 और 4

**Ans.(d):**
- 21 जून को कर्क रेखा पर वर्ष का सबसे लंबा दिन (उत्तरी गोलार्द्ध में ग्रीष्म संक्रांति) होता है, जिसमें 12 घंटे से अधिक सूर्य का प्रकाश रहता है। सूर्य की किरणें सीधे कर्क रेखा पर पड़ती हैं। जिससे उत्तरी गोलार्द्ध के क्षेत्रों में अधिक गर्मी प्राप्त होती है।
- 21 जून की स्थिति में उत्तरी ध्रुव सूर्य की ओर झुका हुआ होता है और आर्कटिक सर्किल से परे के स्थानों पर लगभग छह महीने तक लगातार दिन का उजाला रहता है।
- चूँकि उत्तरी गोलार्द्ध का एक बड़ा हिस्सा सूर्य से प्रकाश प्राप्त करता है। इसलिए भूमध्य रेखाओं के उत्तर में स्थित क्षेत्रों में गर्मी होती है। इन स्थानों पर सबसे लम्बा दिन और सबसे छोटी रात 21 जून को होती है।

**86. One of the following regions has the world's largest tropical peatland, which holds about three years worth of global carbon emissions from fossil fuels; and the possible destruction of which can exert detrimental effect on the global climate. Which one of the following denotes that region?**
**निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक में विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय पीट-भूमि है, जो जीवाश्म ईंधन से होने वाले लगभग तीन वर्ष के वैश्विक कार्बन उत्सर्जन को धारण करता है और जिसके संभाव्य विनाश से वैश्विक जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा उस क्षेत्र को द्योतित करता है।**

(a) Amazon Basin/अमेजन बेसिन
(b) Congo Basin/कांगो बेसिन
(c) Kikori Basin/किकोरी बेसिन
(d) Rio de la Plata Basin/रियो डे ला प्लाटा बेसिन

**Ans.(b):** कांगो बेसिन ब्राजील और इंडोनेशिया के साथ दुनिया के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय पीटलैंड का घर है। कांगो बेसिन के पीट दलदली जंगल में लगभग 29 बिलियन टन कार्बन जमा होता है जो लगभग तीन साल के वैश्विक ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन के बराबर है, जबकि समग्र रूप से बेसिन एक वर्ष में 1.5 बिलियन टन कार्बन डाइ ऑक्साइड को अवशोषित करता है। पीटलैंड वैश्विक भूमि की सतह का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है, लेकिन अनुमानतः 600 बिलियन टन कार्बन जमा करते हैं जो दुनिया के सभी जंगलों की तुलना में दोगुना है। यह उन्हें सबसे कुशल कार्बन सिंक पारिस्थितिक तंत्रों में से एक बनाता है और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

**87. With reference to perfluoroalkyl and polyfluoroalkyl substances (PFAS) that are used in making many consumer products, consider the following statements:**
**कई उपभोक्ता उत्पादों के निर्माण के लिए प्रयुक्त होने वाले परफ्लुओरोऐल्किल और पॉलिफ्लुओरोऐल्किल पदार्थों (PFAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. PFAS are found to be widespread in drinking water, food and food packaging materials./PFAS पेयजल, खाद्य और खाद्य पैकेजिंग सामग्रियों में व्यापक रूप से पाए जाते हैं।**
**2. PFAS are not easily degraded in the environment./PFAS पर्यावरण में आसानी से निम्नीकृत (डिग्रेडेड) नहीं होते हैं।**
**3. Persistent exposures to PFAS can lead to bioaccumulation in animal bodies./PFAS के लगातार संपर्क के परिणामस्वरूप जंतुओं के शरीर में जैवसंचय हो सकता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans.(d):** प्रति और पॉलीफ्लोरो एल्काइल पदार्थ (PFAS) सैकडों प्रकार के उत्पदों में उपयोग किए जाने वाले हजारों रसायनों का एक विविध समूह है। पर्यावरण में PFAS दूषित क्षेत्रों में उगाए, पाले गए या संसाधित पौधों और जानवरों के माध्यम से खाद्य आपूर्ति में प्रवेश करता है। PFAS का उपयोग कुकवेयर, खाद्य पैकेजिंग और खाद्य प्रसंस्करण में उनके नॉन-स्टिक और ग्रीस,तेल और पानी प्रतिरोधी गुणों के लिए किया जाता है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- PFAS अणुओं में जुड़े हुए कार्बन और फ्लोरीन परमाणुओं की एक शृंखला होती है। चूंकि कार्बन-फ्यूरीन बंधन सबसे मजबूत बंधनों में से एक हैं, इसलिए ये रसायन पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होते हैं।
- PFAS के व्यापक उपयोग और पर्यावरण में उनकी दृढ़ता का मतलब है कि PFAS के पिछले और वर्तमान उपयोगों के परिणाम स्वरूप हवा, पानी और मिट्टी के प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हुई है। मनुष्यों और जानवरों में होने वाले रक्त परिक्षणों के माध्यम से कुछ PFAS का संचय भी देखा गया है। जबकि जैवसंचय के संभावित स्वास्थ्य प्रभावों से संबंधित विज्ञान विकसित हो रहा है। कुछ प्रकार के PFAS के संपर्क को गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों से जोड़ कर देखा गया है।

**88. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

**1. Carabid beetles/कैराबिड बीटल्स**
**2. Centipedes/कांतर (सेन्टिपीड्स)**
**3. Flies/मक्खियाँ**
**4. Termites/दीमक**
**5. Wasps/बर्र (वास्प्स)**

**Parasitoid species are found in how many of the above kind of organisms?**
**उपर्युक्त जीवों के कितने प्रकार में परजीव्याभ जातियाँ (पैरासीटॉइड स्पीशीज़) पाई जाती हैं?**

(a) Only two/केवल दो
(b) Only three/केवल तीन
(c) Only four/केवल चार
(d) All five/सभी पाँच

**Ans.(b):** पैरासीटॉइड छोटे कीट होते हैं जिनकी अपरिपक्व अवस्थाएँ अन्य कीटों के भीतर या बाहर से जुड़ी होती है, जिन्हें मेजबान (hosts) कहा जाता है। परजीवी अंततः उस मेजबान को मार देते हैं जिस पर वे भोजन करते है, जबकि पिस्सू (fleas) और टिक (Tick) जैसे परजीवी आम तौर पर मेजबान को मारे बिना ही भोजन करते हैं।

- परजीवियों की दो सामान्य श्रेणियाँ हैं –एंडोपैरासिटॉइड, जो वयस्क मादा द्वारा दिए गये अंडो या लार्वा से मेजबान (hosts) के भीतर निकलते है और फिर मेजबान के अंदर भोजन करते हैं और विकसित होते हैं। एक्टो पैरासीटॉइड, जो मेजबान के बाहर से चिपके रहते हैं और मेजबान की त्वचा के माध्यम से भोजन करते हैं और शरीर के तरल पदार्थ चूसते हैं।
- अधिकांश परजीवी यातो बर्र (wasps) और मधुमक्खियाँ (bees) या मक्खियाँ (Flies) एंव भृंग (beetles),मुड़े हुए पंख वाले कीड़े, पतंगे (Moths) और अन्य कीटों की कुछ प्रजातियों को परजीवी के रूप में पहचाना गया है।

**89. Consider the following plants:**
**निम्नलिखित पौधों पर विचार कीजिए–**

**1. Groundnut/मूँगफली**
**2. Horse-gram/कुलथी (हॉर्स-ग्राम)**
**3. Soybean/सोयाबीन**

**How many of the above belong to the pea family?**
**उपर्युक्त में से कितने मटर कुल (फैमिली) के हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(c):** मटर परिवार या फैबेसी, फैबेल्स क्रम के भीतर फूल वाले पौधों (एंजियोंस्पर्म) का एक बड़ा समूह है। फैबेसी में 700 से अधिक प्रजातियां और पेड़ो, झाड़ियों, लताओं व जड़ी-बूटियों की लगभग 20,000 प्रजातियां शमिल है। इस परिवार की प्रमुख व्यवसायिक प्रजातियों में सोयाबीन (डलाइसिन मैक्स),गार्डन मटर (पिसम सैटिवम),मूँगफली (अराचिस हाइपोगिया) और अल्फाल्फा (मेडिकैगो सैटिवा) शमिल है।

- मूँगफली (अरचिस हाइपोगिया) और हॉर्स-ग्राम (मैक्रोटिलोमा यूनिफ्लोरम) फैबेसी परिवार से संबंधित है।

**90. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: The Indian Flying Fox is placed under the ''vermin'' category in the Wild Life (Protection) Act, 1972.**
**कथन-I: इंडियन फ्लाइंग फॉक्स को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन ''पीड़क जंतु'' की श्रेणी में रखा गया है।**

**Statement-II : The Indian Flying Fox feeds on the blood of other animals.**
**कथन-II : इंडियन फ्लाइंग फॉक्स अन्य जंतुओं का रक्त पीता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statement?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct/कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(*):** भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम,1972 में इंडियन फ्लाइंग फॉक्स को पीड़क जन्तु (वर्मिन) के रुप में वर्गीकृत किया गया है। इसे 1972 के वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम की अनुसूची –V के तहत समान आधिकारिक दर्जा प्राप्त था, जब तक कि इसे उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करने वाली अनुसूची II में नहीं डाल दिया गया।

- चमगादड दनिया में एक मात्र उडने वाला स्तनधारी है। और भारतीय फ्लाइंग फॉक्स सबसे बड़े स्तन धारियों में से एक है। इस

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

प्रजाति को ग्रेट इंडियन फ्रुट बैट भी कहा जाता है। यह रस और फल खाता है तथा बीज फैलाव (dispersion) और परागण (pollination) में मदद करता है। यह भारतीय उपमहाद्वीप का मूल निवासी (native) है।

**91. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: The atmosphere is heated more by incoming solar radiation than by terrestrial radiation.**
**कथन-I: पार्थिव विकिरण की तुलना में आगमी (इनकमिंग) सौर विकिरण से वायुमंडल अधिक गर्म हो जाता है।**

**Statement-II: Carbon dioxide and other greenhouse gases in the atmosphere and good absorbers of long wave radiation.**
**कथन-II: वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें दीर्घ तरंग विकिरण के अच्छे अवशोषक हैं।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(d):** सूर्यातप का अधिकांश भाग लघु तरंगदैर्ध्य के रूप में प्राप्त होता है तथा वायुमंडल की गैसें लघुतरंग दैर्ध्य को अवशोषित करने के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती हैं इसलिए प्रत्यक्ष सूर्य के प्रकाश से वायुमंडल का अधिक तापन नहीं होता है। पृथ्वी द्वारा प्राप्त सूर्यातप लघु तरंग रुपों में होता है तथा इसकी सतह को गर्म करता है। पृथ्वी गर्म होने के पश्चात स्वंय विकिरण करने वाली वस्तु बन जाती है तथा यह दीर्घ तरंग रुप में वायु मंडल को ऊर्जा विर्कीण करती है। दीर्घ तरंग विकिरण वायु मण्डलीय गैसों, विशेष रुप से कार्बनडाई आक्साइड तथा अन्य ग्रीन हाउस गैसों द्वारा अवशोषित किया जाता है। वायुमंडल में ये गैसें दीर्घ तरंग विकिरण के अच्छे अवशोषक है। इस प्रकार वायुमंडल पृथ्वी के विकिरण द्वारा अप्रत्यक्ष रुप से गर्म होता है। अतः कथन –I गलत है, लेकिन कथन –II सही है।

**92. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I: Thickness of the troposphere at the equator is much greater as compared to poles.**
**कथन-I: भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर क्षोभमंडल की मोटाई, ध्रुवों की तुलना में बहुत अधिक है।**

**Statement-II: At the equator, heat is transported to great heights by strong conventional currents.**
**कथन-II: भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर, प्रबल संवहनी धाराओं द्वारा ऊष्मा को अधिक ऊँचाई तक ले जाया जाता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है।
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does not explain Statement-I
कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct
कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

**Ans.(a):** निचले अंक्षाशों पर तीव्र ताप के कारण संवहन धाराएं अधिक प्रबल होती हैं। हवा जितनी गर्म होती है, उतनी ही उपर उठती है। जैसे – जैसे गर्म हवा उपर उठती है, वह रुद्धोष्म रुप से ठण्डी होती जाती है। परिणाम-स्वरुप भूमध्य रेखा पर अधिक ऊँचाई (16–18 किलोमीटर) तक तापामान में गिरावट देखी जाती है। जैसे–जैसे हम उच्च अक्षांशों पर जाते हैं, संवहन कमजोर होता जाता है और गर्म हवा कम ऊँचाई पर पहुँचाती है। तापमान में कमी कम ऊँचाई (ध्रुवों पर 8–10 किलोमीटर तक) तक देखी जाती है।

• क्षोभ मंडल वायु मंडल की सबसे निचली परत है। इसकी औसत ऊँचाई 13 किलोमीटर है और ध्रुवों के पास लगभग 8 किलोमीटर तथा भूमध्य रेखा पर लगभग 18 किलोमीटर की ऊँचाई तक फैली हुई है। भूमध्य रेखा पर क्षोभ मंडल की मोटाई सबसे अधिक होती है क्योंकि मजबूत संवहन धाराओं द्वारा उष्मा को बहुत ऊँचाई तक पहुँचाया जाता है।

इस प्रकार, कथन –I और कथन –II दोनों सही है और कथन –II कथन –I की व्याख्या करता है।

**93. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**

1. **Pyroclastic debris/ज्वलखंडाश्मी (पाइरोक्लास्टी) मलबा**
2. **Ash and dust/राख और धूल**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

3. **Nitrogen compounds/नाइट्रोजन यौगिक**
4. **Sulphur compounds/सल्फर यौगिक**

**How many of the above are products of volcanic eruptions?**
**उपर्युक्त में से कितने ज्वालामुखी उद्गारों के उत्पादन हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only one/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(d):** पृथ्वी के ऊपरी मेंटल भाग में मौजूद पदार्थ को मैग्मा कहा जाता है। जब यह क्रस्ट की ओर बढ़ना शुरू करता है या सतह पर पहुँचता है तो इसे लावा कहा जाता है। ज़मीन पर पहुँचने वाले पदार्थ में लावा प्रवाह, पाइरोक्लास्टिक मलबे, ज्वालामुखी बम, राख और धूल तथा नाइट्रोजन यौगिक, सल्फर यौगिक एवं क्लोरीन, हाइड्रोजन तथा ऑर्गन की थोड़ी मात्रा ज्वालामुखी विस्फोट के उत्पाद हैं।

**94. Which of the following is/are correct inference/inferences from isothermal maps in the month of January?**
**जनवरी माह में समतापी रेखा-मानचित्रों (आइसोथर्मल मैप) से प्राप्त कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष सही है/हैं?**

1. **The isotherms deviate to the north over the ocean and to the south over the continent./समताप रेखाएँ महासागर के ऊपर उत्तर की ओर और महाद्वीप के ऊपर दक्षिण की ओर विचलित हो जाती हैं।**
2. **The presence of cold ocean currents, Gulf Stream and North Atlantic Drift make the North Atlantic Ocean colder and the isotherms bend towards the north./शीत महासागरीय धाराओं, गल्फ स्ट्रीम और उत्तरी अटलांटिक अपवाह (ड्रिफ्ट) की उपस्थिति उत्तरी अटलांटिक महासागर को शीतल बनाती हैं और समताप रेखाएँ उत्तर की ओर मुड़ जाती हैं।**

**Select the answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए–**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans.(a):** समताप रेखाएँ महासागर के ऊपर उत्तर की ओर और महाद्वीप के ऊपर दक्षिण की ओर विचलित हो जाती है। ऐसा भूमि और जल के विभेदक तापमान के कारण होता है क्योंकि उनकी विशिष्ट ऊष्मा में अंतर होता है। जैसे ही समताप रेखाएँ भूमि को छोड़ती हैं, वे आमतौर पर सर्दियों का अनुभव करने वाले गोलार्द्ध (Winter Hemisphere)में ध्रुवों की ओर और गर्मियों का अनुभव करने वाले गोलार्द्ध (Summer Hemisphere) में भूमध्य रेखा की ओर मुड़ जाती है। जनवरी में समताप रेखाएँ महासागर के ऊपर उत्तर की ओर और महाद्वीप के ऊपर दक्षिण की ओर विचलित हो जाती है। इसे उत्तरी अटलांटिक महासागर में देखा जा सकता है। गर्म महासागर धाराओं गल्फ स्ट्रीम और अटलांटिक अपवाह की उपस्थिति उत्तरी अटलांटिक महासागर को गर्म बनाती है और समताप रेखाएँ उत्तर की ओर मुड़ जाती है। भूमि पर तापमान तेजी से गिरता है और यूरोप में समताप रेखाएँ दक्षिण की ओर मुड़ जाती है।

**95. Which of the following countries are well known as the two largest cocoa producers in the world?**
**निम्नलिखित में से कौन-से देश विश्व के दो सबसे बड़े कोको उत्पादक के रूप में विख्यात हैं?**

(a) Algeria and Morocco/अल्जीरिया और मोरक्को
(b) Botswana and Namibia/बोत्सवाना और नामीबिया
(c) Cote d'Ivoire and Ghana
कोटे डी' आइवर और घाना
(d) Madagascar and Mozambique
मेडागास्कर और मोजाम्बीक

**Ans.(c):** वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक वैश्विक कोको बीन

**96. With reference to the Himalayan rivers joining the Ganga downstream of Prayagraj from West to East, which one of the following sequences is correct?**
**पश्चिम से पूर्व की ओर प्रयागराज के अनुप्रवाह में गंगा में मिलने वाली हिमालय की नदियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?**

(a) Ghaghara–Gomati–Gandak–Kosi
घाघरा-गोमती-गंडक-कोसी
(b) Gomati–Ghaghara–Gandak–Kosi
गोमती-घाघरा-गंडक-कोसी
(c) Ghaghara–Gomati–Kosi–Gandak
घाघरा-गोमती-कोसी-गंडक
(d) Gomati–Ghaghara–Kosi–Gandak
गोमती-घाघरा-कोसी-गंडक

**Ans.(b):** पश्चिम से पूर्व की ओर प्रयागराज के अनुप्रवाह में गंगा से मिलने वाली हिमालयी नदियों का अनुक्रम निम्नवत् है-
गोमती — घाघरा — गंडक — कोसी
ये सभी बाएँ किनारे से गंगा में मिलने वाली गंगा की प्रमुख सहायक नदियाँ है।

**97. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**Statement-I : Rainfall is one of the reasons for weathering of rocks.**
**कथन- I: चट्टानों के अपक्षय के कारणों में से एक कारण वर्षा है।**

**Statement-II: Rain water contains carbon dioxide in solution.**
**कथन-II: वर्षा जल में घोल के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड विद्यमान होता है।**

**Statement-III: Rain water contains atmospheric oxygen.**
**कथन-III: वर्षा जल में वायुमंडलीय ऑक्सीजन विद्यमान होता है।**

**Which one of the following is correct in respect of the above statements?**
**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(a) Both Statement-II and Statement-III are correct and both of them explain Statement-I
कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं तथा दोनों, कथन-I की व्याख्या करते हैं।

(b) Both Statement-II and Statement-III are correct, but only one of them explains Statement-I
कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं, किंतु उनमें से केवल एक, कथन-I की व्याख्या करता है।

(c) Only one of the Statements-II and III is correct and that explains Statement-I
कथन-II और कथन-III में से केवल एक सही है और वह कथन-I की व्याख्या करता है।

(d) Neither Statement-II nor Statement-III is correct
न तो कथन-II, न ही कथन-III सही है।

**Ans.(a):**
- वर्षा और तापमान चट्टानों के अपक्षय की दर को प्रभावित करते है।
- उच्च तापमान और अधिक वर्षा रासायनिक अपक्षय की दर को बढ़ाती है।
- गैसें जो वर्षा जल के जमीन पर पहुँचने से पहले ही उसमें घुल जाती हैं- ऑक्सीजन, नाइट्रोजन तथा कार्बन डाईआक्साइड है।

अतः कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं तथा दोनों, कथन-I की व्याख्या करते हैं।

**98. Consider the following countries:**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए–**

1. **Finland/फिनलैंड**
2. **Germany/जर्मनी**
3. **Norway/नॉर्वे**
4. **Russia/रूस**

**How many of the above countries have a border with the North Sea?**
**उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमा उत्तरी समुद्र के साथ लगती है?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(b):** उत्तरी समुद्र (North Sea) उत्तरी यूरोप में एक समुद्र है जो अटलांटिक महासागर का हिस्सा है। इसकी सीमा पश्चिम में यूनाइटेड किंगडम और उत्तर में नार्वे, पूर्व में डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैण्ड, बेल्जियम तथा दक्षिण में फ्रांस से लगती है। इसलिए उपरोक्त देशों में से केवल दो देशों की सीमा उत्तरी सागर से लगती है।

**99. Consider the following information:**
**निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए–**

| | Waterfall जलप्रपात | Region क्षेत्र | River नदी |
|---|---|---|---|
| 1. | Dhuandhar धुआंधार | Malwa मालवा | Narmada नर्मदा |
| 2. | Hundru हुंडू | Chota Nagpur छोटा नागपुर | Subarnarekha सुवर्णरेखा |
| 3. | Gersoppa गेर्सोप्पा | Western Ghats पश्चिमी घाट | Netravati नेत्रवती |

**In how many of the above rows is the given information correctly matched?**
**उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All three/सभी तीन
(d) None/कोई नहीं

**Ans.(a):** धुआंधार जलप्रपात जबलपुर (पूर्वी मध्य प्रदेश) नर्मदा नदी पर, हुंडरु जलप्रपात राँची में सुवर्ण रेखा नदी पर छोटानागपुर क्षेत्र में तथा गेर्सोप्पा जलप्रपात पश्चिमी घाट में शरावती नदी पर स्थित है।

**100. Consider the following information:**
**निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए–**

| | Region क्षेत्र | Name of the mountain range पर्वत श्रृंखला का नाम | Type of mountain पर्वत का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | Central Asia मध्य एशिया | Vosges/वॉसजेस | Fold mountain वलित पर्वत |
| 2. | Europe यूरोप | Alps/आल्प्स | Block mountain भ्रंशोत्थ (ब्लॉक) पर्वत |
| 3. | North America उत्तर अमेरिका | Appalachians अप्लेशियन | Fold mountain वलित पर्वत |
| 4. | South America दक्षिण अमेरिका | Andes/एंडीज़ | Fold mountain वलित पर्वत |

**In how many of the above rows is the given information correctly matched?**
**उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) Only three/केवल तीन
(d) All four/सभी चार

**Ans.(b):**
- हिमालय पर्वत, आल्प्स और एण्डीज पर्वत यंग फोल्ड माउंटेन है। एण्डीज पर्वत दक्षिण अमेरिका की एक पर्वत श्रेणी है।
- उत्तरी अमेरिका में अप्लेशियन तथा रूस में यूरॉल पर्वत ओल्ड फोल्ड माउंटेन है।
- यूरोप में राइन घाटी और वासजेस पर्वत ग्रैबेन और ब्लॉक पर्वत के उदाहरण है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com